दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। सोमवार 29 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 199 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







### सपा के गढ़ में गरजे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृहमंत्री

# दो चरणों के चुनाव में भाजपा मार रही है सेंचुरी : अमित शाह

**इटावा।** सपा के गढ़ पहुंचे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह जमकर गरजे। उन्होंने शहर के नुमाइश पंडाल में जनसभा को संबोधित किया। सबसे पहले शिव मंदिर, नीलकंठ मंदिर समेत सभी मंदिरों को नमन किया। इसके बाद खांटी समाजवादी नेता अर्जुन सिंह भदौरिया को नमन किया। उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव में भाजपा सेंचुरी मार रही है। एक ओर राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले हैं, तो दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाले। उन्होंने कहा कि मैं अखिलेश यादव से पूछने आया हूं कि भैया आपको और डिंपल भाभी को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था या नहीं? राहुल जी और उनकी मां से भी पूछता हूं कि निमंत्रण मिला था कि नहीं?

उन्होंने आगे कहा कि सबको निमंत्रण गया था, लेकिन कोई आया नहीं। जनता से पूछते हुए कहा कि रामसेवकों पर गोली चलाने वालो को चुनेंगे या राम मंदिर वालों को। राहुल को प्रधानमंत्री बनाओगे या मोदी जी को? कश्मीर हमारा घर है या नहीं 370 हटना चाहिए था? इटावा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान दे देगा।

मैनपुरी लोकसभा सीट पर 1996 से सपा का वर्चस्व है। यहां सबसे अधिक लगभग पौने पांच लाख यादव मतदाता होने की वजह से सपा को आसानी से बड़ी जीत मिल जाती है। सपा की जीत में सबसे बड़ी भूमिका जसवंतनगर और करहल विधानसभा क्षेत्र की रहती है। कई सालों से सपा प्रत्याशी को सबसे ज्यादा वोट देने वाली विधानसभा जसवंतनगर है। यहां से विधायक शिवपाल सिंह यादव का बड़ा प्रभाव माना जाता है। यही वजह है कि मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को 6,17,625 वोट मिले थे।

वहीं, सपा से ही भाजपा में गए रघुराज सिंह शाक्य के खाते में 3,29,489 वोट आए थे।



अमित शाह ने कहा, रामसेवकों पर गोली चलाने वालों को चुनेंगे या राम मंदिर बनवाने वालों को। राहुल को प्रधानमंत्री बनाओगे या नरेंद्र मोदी को?

### विश्व में भारत का बज रहा डंका : गृहमंत्री

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पहले पाकिस्तान हावी रहता था। मोदी प्रधानमंत्री बने, तो पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की। विश्व में भारत का डंका बज रहा है। कहा कि इटावा वालों कोरोना का टीका लगा? मुफ्त लगा है। इसके आगे परिवारवाद की परंपरा पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो अपने भतीजे, भतीजी मुख्यमंत्री बनते हैं, वो क्या इटावा वालों का भला करेंगे। सपा के गुंडे गरीबों की झोपड़ी कब्जाते थे। योगी जी की सरकार बनने के बाद अब कोई कब्जा नहीं करता। 550 किमी सड़क बनी, रेलवे स्टेशन बनाना, पासपोर्ट कार्यालय, गैस-पानी सभी लाभ इटावा वालों को मिले हैं।

# भाजपा में टारगेट पर है बड़े नेताओं का अपने बूथ पर चुनावी वजूद

### तैयार हो रहा है डाटा किसके बूथ पर हुआ है मतदान कितना मजबूत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा जीत के दावे कर रही थी और वो देहात से लेकर शहर तक अभियान चला रही थी। उसने बूथ शक्ति अभियान चलाया अपने कार्यकताओं को लगाया। जिसमें वोट कटवाने से लेकर वोट जुड़वाने का काम शामिल था। वो वंदन शक्ति अभियान से मतदाताओं के बीच थी। लेकिन ये सब तैयारियां तब कमजोर पड़ गईं जब मतदान कमजोर पड़ गया। फीके मतदान ने भाजपा की तैयारियों की मिठास कम कर दी। मतदान क्यों कम हुआ है इसे लेकर भाजपा में अब अंदर खाने ही बडें नेताओं के बूथ तलाशे जा रहे हैं। कई ऐसे बड़े नेताओं के बूथ टारगेट पर हैं जहां कम मतदान हुआ है। सूत्र बताते हैं कि बूथ मैनेजमेंट को लेकर पूरी रिपोर्ट तैयार हो रही है। कई ऐसे मामले भी हैं जहां अपने बूथ से ज्यादा दूसरे के बूथ पर काम हुआ है। सूत्र बता रहे हैं कि बूथ कैलकुलेशन का काम हो रहा है। ऐसे बूथ भी हैं जहां बड़े नेता रहते हैं और वहां 32 से 27 प्रतिशत तक ही मतदान हुआ है। एक महानगर मंत्री के बूथ पर तो कमाल ही हो गया है। बताया जाता है कि महानगर मंत्री के बूथ पर 1125 वोट हैं यहां केवल 169 वोट ही पड़े हैं। कई ऐसे बूथ हैं जहां नेता मजबूत हैं लेकिन मतदान बहुत कमजोर रहा है। बूथ की रिपोर्ट आने के बाद इन बूथों का भी खुलासा हो जायेगा।

# आज लखनऊ में करेंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपना नामांकन पत्र दाखिल

**लखनऊ।** देश के केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राजनाथ सिंह लखनऊ से लोकसभा सांसद हैं और आज जब वह अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे तो यह तीसरा मौका होगा जब वो लखनऊ से लोकसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इससे पहले वह वर्ष 2014, 2019 में भी लोकसभा सांसद का चुनाव जीते हैं। आज लखनऊ में सुबह 10 बजे राजनाथ सिंह अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। गाजियाबाद से भी कई चेहरे इस मौके पर शामिल होंगे।

### ट्रैफिक में इस तरह होगा बदलाव



- चारबाग की तरफ से बड़ी गाड़ियां व बसें केकेसी से होकर कैंटोनमेंट की तरफ जाएंगी।
- बापू भवन चौराहे से कोई भी वाहन हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेगा। इसे सिसेंडी होते हुए डीएसओ चौराहा की तरफ या लालबाग होकर निकाला जाएगा। हजरतगंज से भी कोई भी वाहन बापू भवन की तरफ नहीं जा सकेगा।
- डालीगंज पुल तिराहा से कोई भी सामान्य वाहन सीडीआरआई से स्वास्थ्य भवन चौराहे की तरफ नहीं आ सकेगा। ट्रैफिक को डालीगंज पुल क्रॉस करके इक्का तांगा (नदवा) बंधे से होकर गुजारा जाएगा।
- सिकंदराबाद चौराहे से सामान्य यातायात हजरतगंज की तरफ नहीं आ सकेगा। वाहन फार्च्युन होटल चौराहे से होकर गंतव्य को जा सकेंगे।
- बसें 1090 चौराहा से चिरैया झील की तरफ से कैसरबाग बस अड्डे की तरफ नहीं जा सकेंगी। बसें बंदरिया बाग से कैंटोनमेंट होते हुए गंतव्य को जा सकेंगी।
- सुभाष व परिवर्तन चौराहे से सामान्य यातायात केडी सिंह बाबू स्टेडियम होते हुए हजरतगंज नहीं जा सकेगा। यातायात को एसबीआई कट हनुमान सेतु-चिरैया झील चौराहा होते हुए गुजारा जाएगा।
- सीएमओ कार्यालय चौराहे से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा। यातायात कैसरबाग बस अड्डा चौराहा, अशोकलाट चौराहा अथवा रेजीडेंसी तिराहा, डालीबाग चौराहा होते हुए गंतव्य को जा सकेगा।
- सफेद बारादरी से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। अशोक लाट होते हुए जाना होगा।

# हो गया इलेक्शन अब मेयर नजर आएंगी इन द एक्शन

### जलभराव से लेकर फॉगिंग अभियान की करेंगी पूरी मॉनीटरिंग

**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल फिर से एक्शन में आ रही हैं। सोमवार से इसका असर दिखाई देगा। बीते दिनों से वह साईलेंट मोड पर थी और अब उनका क्रान्तिकारी अंदाज दिखाई देगा। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि लोकसभा इलैक्शन के चलते कई अभियान बंद थे। वह स्वयं भी चुनाव प्रचार में थी और नगर निगम का स्टॉफ भी पोलिंग व्यवस्था को देख रहा था। उन्होंने कहा कि सोमवार से वह फील्ड में उतरेंगी। लोगों को बरसात के मौसम में जल भराव से परेशानी ना हो, इसका खाका अभी से खींचा जायेगा। उन्होंने कहा कि सीवर व्यवस्था, सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण उनकी प्राथमिकता में हैं। उन्होंने कहा अभी से तैयारी शुरू की जायेगी। नालों की सफाई का काम होगा। मेयर सुनीता दयाल ने लोगों से भी अपील की कि वह नालों को बाधित ना करें और अपने आसपास ऐसा निर्माण ना करें जिससे जलभराव हो।

मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि जलभराव को लेकर एक्शन होगा। जब बरसात होती है तो जलभराव भी होता है लेकिन अगर डैमेज सिस्टम ठीक हो, जल निकासी की व्यवस्था हो तो जलभराव का संकट नहीं होता है। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए दवाई का छिडकाव एवं फॉगिंग लगातार होगी। इस बात का भी ऑडिट कराया जायेगा कि किन क्षेत्रों में मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग हो रही है। जनता की शिकायतों का समाधान होगा और सोमवार से बाकायदा अभियान चलाकर इन विषयों पर काम किया जायेगा।



# गठबंधन के नेता बोले, मार्जिन कितना भी हो जीतेगी तो डॉली शर्मा

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद लोकसभा चुनाव को लेकर जहां भाजपा नेता अपनी जीत निश्चित कर रहे हैं, वहीं रविवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं से जब डॉली शर्मा की जीत को लेकर बात की गई तो किसी ने कहा 2 लाख तो किसी ने बताया 50 हजार से जीत रही है डॉली शर्मा। कोई बोला मार्जिन कितना भी हो लेकिन जीतेगी तो डॉली शर्मा।



### गाजियाबाद की जनता चाहती है बदलाव : वीरेंद्र यादव



सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि लोकसभा गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को इस बार गाजियाबाद की जनता ने चुनाव लड़ाया है। वहीं गाजियाबाद की जनता बदलाव चाहती है। 4 जून को चौंका देने वाला फैसला आने वाला है। क्योंकि हमारे गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा की जीत निश्चित है।

### 50 हजार से अधिक वोटों से जीत रही हैं डॉली शर्मा : अजय चौधरी



कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अजय चौधरी ने कहा कि इस बार गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा गाजियाबाद में 50 हजार वोटों से जीत रही हैं। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष जनता व भाजपा के बीच में है। लोगों ने गठबंधन को चुना है और वोट भी किया है इसलिए डॉली शर्मा की जीत निश्चित है।

### सवा लाख से अधिक वोटों से जीतेंगी डॉली शर्मा : पूर्व मंत्री सतीश शर्मा



पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि हम चुनाव जीत रहे हैं। जनता ने मोदी के खिलाफ वोट किया है। चुनाव जनता ने लड़ा है, हर समाज का वोट डॉली शर्मा को मिला है। लोगों ने मोदी की नीतियों के विरोध में वोट किया है। डॉली शर्मा सवा लाख वोटों से जीत रही हैं। चार लाख ठाकुरों सहित सभी वर्गों ने भाजपा को नकारा है और डॉली शर्मा के पक्ष में वोट किया है। हम निश्चित तौर से कह सकते हैं कि इस बार गाजियाबाद में बदलाव हो रहा है।

### हर समाज के वोट मिलने से जीत रही हैं डॉली शर्मा : नरेंद्र राठी



पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व राज बब्बर के राजनीतिक सलाहकार नरेंद्र राठी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद सीट से डॉली शर्मा जीत रही हैं। मार्जिन कितना भी हो लेकिन जीतेगी डॉली शर्मा। हमारे प्रत्याशी ने चुनाव बहुत अच्छी तरह से लड़ा है। 10 साल से जो गाजियाबाद में भाजपा के प्रत्याशी हैं, उन्होंने कोई काम नहीं किया। क्षेत्र को अस्पताल व स्कूल नहीं दिलवा पाए इसलिए जनता ने डॉली शर्मा को वोट किया।

### जीतेंगी तो डॉली शर्मा : पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी



पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने बताया कि गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को सभी वर्गों का वोट मिला है। इसलिए इस बार गाजियाबाद का जो चुनाव है, उसका नतीजा कुछ अलग ही होगा। सर्व समाज ने मिलकर डॉली शर्मा को जीतने का काम किया है।




'सत्तागत तमाम तिकड़मों से जूझते हुए डॉली शर्मा अच्छे मार्जिन से यह सीट जीत रही हैं।'

### अच्छे मार्जिन से जीतेंगी डॉली शर्मा : नरेंद्र भारद्वाज



पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि गाजियाबाद के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, विभिन्न पेशेवरों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के लोगों ने जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र की भावनाओं से ऊपर उठकर इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा का साथ दिया। हमारे सभी कार्यकर्ताओं और गठबंधन साथियों ने अपना पूरा योगदान दिया। जिससे सत्तागत तमाम तिकड़मों से जूझते हुए डॉली शर्मा अच्छे मार्जिन से यह सीट जीत रही हैं।

### 2 लाख वोटों से जीतेंगी डॉली : विजय चौधरी



कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने बताया कि सर्वधर्म का वोट इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा को मिला है। डॉली शर्मा 2 लाख वोटों से जीत रही हैं। गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को हर क्षेत्र से वोट मिला है। गाजियाबाद की जनता पुरानी सरकार से परेशान थी इसलिए उसने डॉली शर्मा को सेवा का मौका देने का मन बना लिया है।

### मार्जिन कितना भी हो जीत निश्चित है डॉली शर्मा की : अभिषेक गर्ग



सपा नेता अभिषेक गर्ग ने कहा कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने चुनाव अच्छा लड़ा है। मार्जिन कितना भी हो इस बार जीत निश्चित है। हर वर्ग ने डॉली शर्मा को बढ़-चढ़कर वोट किया है।

### भारी मतों से जीत रही हैं डॉली शर्मा : पूर्व विधायक हाजी जाकिर अली



पूर्व विधायक हाजी जाकिर अली ने कहा कि गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा बहुत अच्छे मार्जन से चुनाव जीत रही हैं। उन्होंने कहा कि लोनी से हमने डॉली शर्मा को जिताकर भेजा है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार मोदी की कोई लहर नहीं है, लोगों ने गठबंधन को स्वीकार कर मोदी के खिलाफ वोट किया है। हर वर्ग का वोट डॉली शर्मा को मिला है। गाजियाबाद का भाजपा का गढ़ ढहने वाला है। इस बार गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा भारी मतों से जीत रही हैं।

### जीत निश्चित है डॉली शर्मा की : पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी



महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी ने कहा कि गाजियाबाद में पहली बार यह उत्सव देखने को मिला है। जनता ने बदलाव के लिए वोट किया है। डॉली शर्मा की इस बार जीत निश्चित है। मार्जिन कितना भी हो, जीतेगी तो डॉली ही।

# बरेली में सीएम योगी का हमला, बोले- सपा के लोग माफिया की मौत पर बहाते हैं आंसू, फातिहा भी पढ़ते हैं



**बरेली।** बरेली के आंवला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सुभाष इंटर कॉलेज ग्राउंड में जनसभा कर आंवला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संवाद किया। सीएम ने इस सीट से सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को पुनः दिल्ली में भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंवला के ऐतिहासिक महत्व से अपना संवाद शुरू किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में बदले भारत की तस्वीर रखी तो विपक्षियों के इंडी गठबंधन पर भी करारा प्रहार किया। सीएम ने कहा कि सत्ता से वंचित होने के बाद सपा-कांग्रेस, बसपा के लोग ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है। माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने वालों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह की मृत्यु पर हम लोग लखनऊ व सैफई गए थे, लेकिन उप्र के विकास व रामजन्म भूमि के लिए कल्याण सिंह का जीवन समर्पित रहा। सपा के मुख से उनके लिए संवेदना के एक भी शब्द नहीं फूटे, लेकिन यह लोग माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने गए थे। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। सपा ने एक ही परिवार को टिकट बांट दिए। परिवार के बाहर उनकी सोच नहीं है। सहारा जाति का लेंगे, लेकिन घूम-फिर कर परिवार में ही आएंगे। सपा परिवार में महाभारत के सभी पात्र मिल जाएंगे। देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है कांग्रेस-सपा सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है। यह लोग विकास में बैरियर हैं। देश के विकास में किसी को बैरियर नहीं बनने देना है। कांग्रेस चाहती तो आजादी के तत्काल बाद राम जन्मभूमि के निर्माण का कार्य प्रशस्त हो गया होता, लेकिन यह राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे। हमारे आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े, लेकिन सच कोई झूठला नहीं सकता। आखिरकार मंदिर बना और राम जी अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हुए। माफिया से यह लोग नहीं निपट पाएंगे सीएम ने विपक्षियों को घेरते हुए जनता से पूछा कि क्या यह लोग माफिया से निपटने का काम कर पाएंगे, जवाब मिला-नहीं। सीएम ने कहा कि यह लोग दंगाइयों व माफिया को गले का हार बनाकर घूमते थे। भाजपा सरकार है कि माफिया गले में तख्ती लगाकर घूम रहा है कि साहब, एक बार जान बख्श दो।

### सीएम ने कांग्रेस, सपा-बसपा से पूछे दस सवाल

सीएम ने कहा कि कभी यक्ष ने धर्मराज युधिष्ठिर से 100 प्रश्न पूछे थे। हम सपा, बसपा व कांग्रेस से 10 प्रश्न पूछना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस को 60-65 वर्ष, सपा-बसपा ने प्रदेश में तीन से चार बार शासन किया, फिर भी इन्होंने समस्याएं पैदा कीं। हम पूछना चाहते हैं कि देश के सामने पहचान, सुरक्षा का संकट पैदा करने वाले कौन हैं। देश को विकास से वंचित करने, भूखमरी से हुई मौतों का दोषी कौन, अन्नदाता किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन, सपा-बसपा व कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की घातक नीति के कारण हुए दंगे, निर्दोषों की मौत और व्यापारियों के नुकसान का दोषी कौन, भ्रष्टाचार के कारण भारत के बाधित विकास का दोषी कौन, बेरोजगारी के कारण 2014 के पहले पलायन करने वाले नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी कौन, बिजली-पानी से जनता को वंचित करने का दोषी कौन। इतने दशकों तक शासन करने के बाद भी कांग्रेस, सपा व बसपा ने आस्था से खिलवाड़ किया, इसका दोषी कौन है।

### अपीलः जो देश के साथ, आप उसके साथ रहें

सीएम ने आह्वान किया कि मोदी ने देश को सुरक्षा व विकास का विजन दिया है। सुरक्षा की गारंटी केवल भाजपा ही दे सकती है। किसी के बहकावे में न आएं, जो देश के साथ है-आप उसके साथ रहें। देश, सुरक्षा व वोट आपका है तो सरकार भी आपकी होनी चाहिए। देश से बढ़कर कोई भी नहीं है। देशहित में ही हमारा हित है, इसलिए पहला काम मतदान। देशहित के विकास, सुरक्षा, सनातन आस्था का सम्मान करने वाली सरकार चाहिए, जो केवल भाजपा ही देगी। उन्होंने अपील की कि हमें राष्ट्रवादी मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना है। इस अवसर पर आंवला से विधायक और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक श्याम बिहारी लाल, राघवेंद्र शर्मा, राजीव सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य आदि मौजूद रहे।

## जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ीं, वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक



**देहरादून।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए शासन ने वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। प्रमुख सचिव वन रमेश कुमार सुधांशु की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया, वर्तमान वनाग्नि सत्र के दौरान यह रोक रहेगी। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। शासन की ओर से यह भी आदेश जारी किया गया कि जंगलों की आग की रोकथाम में लापरवाही पाने पर संबंधित वनाधिकारियों और फील्ड कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अति संवेदनशील, संवेदनशील वन प्रभागों के क्रू-स्टेशनों पर क्रू-टीमों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। किसी भी क्रू-स्टेशनों पर मैन पावर और आवश्यक उपकरण की कमी न रहे। जंगल की आग की रोकथाम के लिए स्थानीय जन समुदाय का सहयोग लिया जाए। स्कूल, कालेजों में बैठकें कर छात्र-छात्राओं को वनाग्नि की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाए। वनाग्नि रोकथाम को लेकर पूर्व में जारी दिशा निर्देशों का भी कड़ाई से पालन किया जाए। उधर, वन मंत्री सुबोध उनियाल के मुताबिक उन्होंने, विभाग के अधिकारियों की बैठक में जंगल की आग की रोकथाम के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## न्यूज डायरी

### गैस लीकेज से किचन में लगी आग, तेज धमाके से सिलेंडर फटा, ढहा मकान



लखनऊ चौक में शिया पीजी कॉलेज के पास सुबह घर में खाना बनाते समय अचानक गैस लीक होने से आग लग गई। घर वाले जब तक कुछ समझ पाते तभी अचानक एलपीजी सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। हादसे में पूरा घर ढह गया। मकान के नीचे दबने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां सबकी हालत गंभीर बनी हुई है। रजाबाजार रोड पर यह मकान गुलाब कश्यप का है। मकान में वह अपने परिवार व चाचा और ताऊ के साथ रहते है। रविवार सुबह गुलाब के घर की महिलाएं किचन में खाना बना रही थीं। तभी सिलेंडर से गैस पाइप निकल गया और आग लग गई। घर वाले जबतक बाहर निकल पाते तभी तेज धमाके के सिलेंडर फट गया। हादसे में पूरा मकान ध्वस्त हो गया। मकान के मलबे के निचे दब कर गुलाब के परिवार के सदस्य राजकुमार, पिंकी, विदिशा व जगदीश गंभीर रूप से घायल हो है। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों और चौक पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को निकाला और ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चारों का इलाज चल रहा है। चारों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### नए पुल पर ई-रिक्शा चालक की लापरवाही से गई बाइक सवार युवक की जान



**प्रयागराज।** नए यमुना पुल पर ई-रिक्शा चालक की लापरवाही के चलते बाइक सवार एक युवक की जान चली गई। हादसे का पूरा वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। अपने लेन पर जा रहे ई-रिक्शा चालक ने अचानक यूटर्न ले लिया। इसके चलते तेज रफ्तार से आ रहा बाइक सवार रिक्शे से टकरा गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नए यमुना पुल पर ई-रिक्शा चालक की लापरवाही से 21 वर्षीय युवक की जान चली गई। हादसा शनिवार दोपहर हुआ। बाइक सवार युवक शहर से नैनी की ओर जा रहा था। इसी दौरान मिंटो पार्क के सामने नए यमुना पुल पर आगे चल रहे ई रिक्शा चालक ने अचानक यू टर्न लिया। इससे बाइक सवार युवक ई रिक्शा में जा टकराया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक का नाम आकाश सिंह पुत्र अश्वनी कुमार सिंह निवासी चाका नैनी है। उसके शव का पोस्टमार्टम रविवार को कराया जा रहा है। कीडगंज इंस्पेक्टर दीपा सिंह ने बताया कि अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, उसकी तलाश की जा रही है।

### कैंट स्टेशन पर नया एफओबी बनाया नहीं, पुराना तोड़ दिया, यात्रियों की बढ़ी परेशानी



**वाराणसी।** वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर पुरानी एफओबी के टूटने के बाद यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। प्लेटफार्म संख्या एक से नौ नंबर तक आवाजाही करने में यात्रियों को गफलत में एफओबी बदलनी पड़ती है। यहां नया एफओबी प्रस्तावित है, लेकिन प्रक्रिया अभी आगे नहीं बढ़ी है। स्टेशन निदेशक कक्ष के पास एक नंबर एफओबी टूटने के बाद सिर्फ जन आहार की एफओवी है। इसके अलावा तीसरे प्रवेश द्वार से 144 मीटर लंबी और 10 मीटर चौड़ी एफओबी बनाई गई है, जो सीधे नौ नंबर की तरफ निकलती है। यात्रियों के अनुसार छह, सात और आठ नंबर को जोड़ने वाली एफओबी पर काम चल रहा है। ऐसे में इस एफओबी पर चढ़ने पर प्लेटफार्म संख्या पांच पर उतरना पड़ता है। नौ नंबर तक जाने के लिए एक मात्र नया एफओबी ही विकल्प है। मजबूरी में उसी से जाना पड़ रहा है। इससे पांच से दस मिनट का समय चला जा रहा है और ट्रेन छूटने तक की नौबत आ जाती है। यात्रियों का आरोप है। कि अधिकतर समय तक यह लिफ्ट और ऐस्केलेटर बंद ही रहता है।

### बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी ने बदरीनाथ में परखीं व्यवस्थाएं



**चमोली।** बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर इन दिनों तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जहां प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं बीकेटीसी की ओर से मंदिर की साज सज्जा, सफाई व अन्य कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इस साल बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई से शुरू हो रही है। इसी के तहत समिति की ओर से इन दिनों बदरीनाथ धाम में साफ सफाई के साथ नक्काशीदार लकड़ियों पर रंगरोगन कार्य कराया जा रहा है। यात्रा शुरू होने तक मंदिर की साज सज्जा से लेकर अन्य कार्य पूरे किए जा सकें। बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बताया कि बदरीनाथ धाम की यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही हैं। मंदिर में साफ-सफाई के साथ रंगरोगन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मंदिर में आने वाले वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए कक्ष निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को बदरीनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीकेटीसी के अग्रिम दल को आवश्यक कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्याधिकारी ने मंदिर के सिंहद्वार परिसर, मंदिर समिति के गेस्ट हाउस, दर्शन पंक्ति, तत्पकुंड, मंदिर मार्ग बस टर्मिनल स्थित कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही वीआईपी व वीवीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर किए गए निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने शीतकाल में मंदिर की सुरक्षा में लगे समिति के स्वंसेवकों, आईटीबीपी व पुलिस के जवानों से भी मुलाकात की। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया, 13 अप्रैल को 20 सदस्यीय अग्रिम दल बदरीनाथ पहुंच गया था।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बोले- भाजपा ने जिनको टिकट दिया, उन्होंने लिए 15 करोड़ रुपये



**केलांग।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केलांग में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए रवि ठाकुर पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने लाहौल-स्पीति विस उपचुनाव के लिए टिकट के दावेदारों से बंद कमरे में अलग-अलग बैठक कर उनकी राय जानी। इससे पहले सीएम सुक्खू ने कहा कि वह सबसे मिलने आए हैं। सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने जिनको टिकट दिया है, उन्होंने 15 करोड़ से अधिक पैसे लिए हैं। अब यही पैसा चुनाव में लगाकर वोट खरीदने का प्रयास करेंगे। उनकी कोशिश पैसा कमाना है। वह सीएम बनने के 14 माह में तीसरी बार लाहौल-स्पीति आए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लाहौल-स्पीति, किन्नौर सहित सभी जनजातीय इलाकों से उनका विशेष लगाव है। 26 फरवरी को रवि ठाकुर ने उनके साथ रात्रि भोज किया और 27 फरवरी को सुबह जब राज्यसभा के लिए वोटिंग होनी थी। वह विधायक दल की बैठक में भी शामिल हुए। अगली सुबह पता चला कि उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार को वोट डाला है। इसकी सूचना उन्होंने फोन से लाहौल-स्पीति के कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर को भी दी थी कि उन्होंने भाजपा को वोट किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्यसभा की वोटिंग करने से कोई अयोग्य नहीं होता और इसमें वोट डालने का अधिकार है। इसके अगले दिन वह पंचकूला पहुंच गए। बजट सत्र में वह लाहौल-स्पीति के लिए कई योजनाएं लेकर आए थे, उन योजनाओं में महिलाओं के लिए 1500 रुपये का प्रावधान, 70 साल से अधिक आयु के लोगों के लिए निशुल्क चिकित्सा सुविधा, मनरेगा दिहाड़ी 240 से बढ़ाकर 350 रुपये शामिल था।

## सुनीता केजरीवाल ने निकाला दूसरा रोड शो




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पश्चिमी दिल्ली में एक रोड शो किया। उन्होंने दिल्ली के लोगों से तानाशाही के खिलाफ वोट करने की अपील की है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आप के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा उम्मीदवार महाबल मिश्रा के समर्थन में पश्चिमी दिल्ली में रोड शो किया।दिल्ली लोकसभा की जनता ने जनता को संबोधित करते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, 'आपके मुख्यमंत्री शेर हैं और वह किसी से डरने वाले नहीं। इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली के कोंडली में एक रोड शो किया था। उन्होंने दिल्ली के लोगों से तानाशाही के खिलाफ वोट करने की अपील की थी। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर राजनेता प्रचार के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। दिल्ली में भी प्रचार जोरों पर हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पश्चिमी दिल्ली में रोड शो किया। इसके बाद उनकी राजनीति में एंट्री हो गई है। यह उनका दूसरा रोड शो है। रोड शो से पहले आई लव केजरीवाल और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर लगाए गए हैं।

## लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल हुआ राख



**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज इलाके के सत्तीचौरा में रविवार भोर में लकड़ी के गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इससे मुहल्ले में अफरा तफरी मची रही। फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रविवार को भोर में भरत टिंबर स्टोर बासमंडी मुट्ठीगंज में आग लग गई। मौके पर दो गाड़ियां आग बूझाने के लिए पहुंची थीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए सिविल लाइंस, मुंडेरा, नैनी और सोरांव फायर स्टेशन भी दमकल की गाड़ियां मंगा ली गईं। आग टिंबर स्टोर के दोनों फ्लोर में लगी थी जो पीछे काफी गहरा बी था। दमकल की आठ गाड़ियों ने मिलकर सुबह करीब नौ बजे तक आग बुझाया। भोर में करीब चार बजे आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल कर्मी जब तक मौके पर पहुंचे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुका था। दो मंजिले गोदाम में भारी मात्रा में प्लाई और बोर्ड भरे हुए थे। देखते ही देखते सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया।

## सपा के कोर वोटरों को साधे रखने के लिए कांग्रेस का साइकिल दांव



**वाराणसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय परशुराम जयंती के दिन 10 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन जुलूस में धर्म और सियासत का सामंजस्य देखने को मिलेगा। इस दिन भगवान परशुराम की जयंती के साथ ही अक्षय तृतीया का पर्व भी है। वाराणसी संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव में अजय राय खम ठोकेंगे। अजय राय बेनियाबाग स्थित राजनारायण पार्क से कचहरी का सफर गठबंधन धर्म को और मजबूती प्रदान करने एवं सपा के कोर वोटरों को साधे रखने के लिए साइकिल से तय करेंगे। उनके साथ सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता भी साइकिल जुलूस में शामिल होंगे। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय ने बताया कि नामांकन जुलूस की शुरूआत शुक्रवार को पूर्वाह्न दस बजे बेनियाबाग स्थित लोकबंधु राजनारायण की प्रतिमा को नमन से होगी। राजनारायण पार्क से जुलूस चेतगंज होते हुए लहुराबीर पहुंचेगा। यहां अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जुलूस मलदहिया की ओर बढ़ेगा। मलदहिया चौराहे पर स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को नमन करने के बाद तेलियाबाग, अंधरापुल होते हुए नदेसर स्थित मिंट हाउस जुलूस पहुंचेगा। राय ने बताया कि जुलूस में कांग्रेस और सपा के साथ ही सभी आनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के अलावा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय भी मौजूद रहेंगे। गुलाब की पंखुड़ी गिरवाने का पैसा नहीं है हमारे पास कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय ने कहा कि हमारे पास अपने ही ऊपर गुलाब की पंखुड़ी गिरवाने का पैसा नहीं है। हम बाबा विश्वनाथ और तुलसी, कबीर व रविदास जैसे महान संतों की नगरी काशी के वासी हैं। यहां की जनता का आशीर्वाद लेकर हम उनके साथ सादगी के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने जाएंगे। गुलाब की पंखुड़ी गिरवाने के लिए जब हमारे पास पैसा आएगा तो हम उस पैसे को वृद्धाश्रम और अनाथालय में दान करेंगे।

## बसपा ने अमेठी संग तीन सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

### रायबरेली के बाद अमेठी में भी कांग्रेस को चुनौती



**लखनऊ।** बसपा अब तक 72 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है, जिसमें से 22 मुस्लिम हैं। इसके अलावा 12 ब्राहमण, 7 क्षत्रिय और 4 यादवों को भी टिकट दिया गया है। वहीं 14 सुरक्षित सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी ने अमेठी संग तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है।

अमेठी सीट पर रवि प्रकाश मौर्या को प्रत्याशी बनाया गया है। वह अयोध्या से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। वहीं आजमगढ़ सीट पर सबीहा अंसारी और संतकबीरनगर सीट पर सैयद दानिश को टिकट दिया गया है। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था, जिसके बाद रायबरेली और अमेठी सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी गयी थी। हालिया चुनाव में बसपा ने दोनों सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। वहीं आजमगढ़ सीट पर बसपा ने अपने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को प्रत्याशी बनाया था। बाद में उन्हें सलेमपुर से लड़ाने का फैसला लिया गया था। अब इस सीट पर सबीहा अंसारी चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रह चुकीं सबीहा को टिकट देकर बसपा ने बड़ा दांव खेला है। यादव-मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर भाजपा के दिनेश यादव निरहुआ और सपा के धर्मेंद्र यादव मैदान में हैं।

बसपा अब तक 72 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है, जिसमें से 22 मुस्लिम हैं। इसके अलावा 12 ब्राहमण, 7 क्षत्रिय और 4 यादवों को भी टिकट दिया गया है। वहीं 14 सुरक्षित सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। अन्य सीटों पर पार्टी ने ओबीसी प्रत्याशी प्रत्याशी उतारे हैं।

## पांच बड़बोले नेताओं से होगा जवाब-तलब, आपसी बयानबाजी से संगठन नाराज



**देहरादून।** भाजपा ने परस्पर विरोधी बयानबाजी से पार्टी को असहज करने वाले अपने दो विधायकों, एक पूर्व विधायक, एक दायित्वधारी और एक कार्यकारिणी सदस्य को देहरादून प्रदेश पार्टी कार्यालय में तलब किया है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट चारों से स्पष्टीकरण लेंगे। भट्ट ने दून बुलाने की पुष्टि की है।

टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय ने पत्र के जरिये पूर्व विधायक दिनेश धनै पर निशाना साधा कि उन्होंने टीएचडीसी की एक बैठक में उन पर उनकी सिफारिश पर उनके समर्थकों को ठेके दिए जाने का आरोप लगाया है। पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद धनै ने भी किशोर पर निशाना साधा। दोनों की अदावत से पार्टी असहज हुई। विपक्ष को भी भाजपा पर निशाना साधने का मौका मिला।

विधायक और दायित्वधारी के बीच तकरार का दूसरा मामला रानीखेत में सामने आया। रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल और उत्तराखंड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत के बीच तकरार इस कदर बढ़ी कि प्रदेश अध्यक्ष भट्ट को दखल देना पड़ा।

इस प्रकरण में भतरौंजखान के प्रधान संदीप खुल्बे ने विधायक नैनावाल के भाई सतीश नैनवाल और भांजे संदीप बधानी पर मारपीट का आरोप लगाया और पुलिस में तहरीर दे दी। कैलाश पंत प्रधान के समर्थन में आ गए। इससे एक ही पार्टी के विधायक और दायित्वधारी आमने-सामने आ गए। इन दोनों प्रकरणों से भाजपा को असहज होना पड़ा। पार्टी ने कार्यकारिणी सदस्य खेम सिंह चौहान को भी तलब किया है।

चौहान पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया में पार्टी विरोधी टिप्पणी की। अब प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने पांचों नेताओं को प्रदेश मुख्यालय में बुलाया है। भट्ट ने कहा, पार्टी इन मामलों को लेकर गंभीर है। पांचों नेताओं को देहरादून बुलाया गया है। मैं सभी से बातकर पक्ष जानूंगा। भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और सभी नेताओं और कार्यकताओं से यह अपेक्षा करती है कि वे अनुशासन का परिचय दें। सभी को संगठन की रीति नीति से भी पाठ पढ़ाया जाएगा।

## लैंसडौन में हादसा, हरियाणा के यात्रियों की कार गढ्ढे में गिरी, तीन साल की बच्ची की मौत



**पौड़ी।** उत्तराखंड में शनिवार देर रात लैंसडौन धूरा मार्ग पर एक पर्यटक वाहन हादसे का शिकार हो गया। यात्रियों की कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरे खड्डे में जा गिरी। हादसे में एक तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।

प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अकरम ने बताया की पर्यटक रोहतक(हरियाणा) से लैंसडौन घूमने आए थे। यहां वह धूरा स्थित एक रिजॉर्ट में रुके थे। शनिवार रात वह चेक आउट के बाद धूरा से लैंसडौन वापसी कर रहे थे। इस दौरान उनकी कार बंशीघाट शमशान घाट के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर 10 मीटर गहरे खड्डे में गिर गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लैंसडौन पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को खड्डे से बाहर निकाल कर छावनी चिकित्सालय पहुंचाया। यहां से घायलों को प्रथम उपचार के बाद कोटद्वार चिकित्सालय रेफर किया गया। लेकिन उपचार दौरान तीन वर्षीय बालिका शानू चली गई।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





नई दिल्ली ।। सोमवार 29 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






# अपनी-अपनी विधानसभा से विधायक खिला रहे हैं लाखों वोटों से कमल का फूल

## किसी ने किया ढाई लाख से जीत का दावा तो किसी ने कहा सवा लाख और किसी का आंकड़ा 70 हजार

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 26 अप्रैल को गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो गया। मतदान के बाद सभी अपने अपने अनुमान लगा रहे हैं। भाजपा ने यहां सबसे बड़ी जीत का दावा किया था। लेकिन कम मतदान ने सारे अनुमान बिगाड़ दिये। सब अपने अपने दावे कर रहे हैं और इन दावों के बीच करंट क्राइम ने गाजियाबाद लोकसभा के उन सभी विधानसभा वाले विधायकों से बात की जिन्हें 2022 में जनादेश मिला है। जो अपनी विधानसभा का पूरा चुनावी भूगोल, इतिहास और गणित जानते हैं। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में विधायकों का दावा है कि उनकी विधानसभा से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग भारी वोटों से जीत रहे हैं। कोई ढाई लाख वोटों से जीत का दावा कर रहा है तो किसी का अनुमान है कि सवा लाख वोटों से उनकी विधानसभा में चुनाव जीतेंगे। इसी का आंकलन हजारों में है तो कोई जीत की बात कर रहा है लेकिन आंकड़ों की बात नहीं कर रहा है। विधानसभा वालों के इस दावे में खुद लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग भी हैं। करंट क्राइम ने जब बात की तो अतुल गर्ग से कहा कि आप अभी शहर विधायक हैं तो अपनी विधानसभा से जीत का अनुमान बताईये। दैनिक करंट क्राइम ने प्रथम नागरिक यानी मेयर सुनीता दयाल से भी बात की और चुनावी जीत को लेकर उनके ख्याल भी जाने।

### ढाई लाख वोटों की मार्जिन से साहिबाबाद विधानसभा में जीतेंगे अतुल गर्ग : सुनील शर्मा



करंट क्राइम। कैबीनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में दावा किया कि उनकी विधानसभा में अतुल गर्ग सवा दो लाख से लेकर ढाई लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे। सुनील शर्मा लगातार दूसरी बार विधायक हैं वो इस विधानसभा के चुनावी कैलकुलेशन को जानते हैं। जब करंट क्राइम ने उनसे उनके कैलकुलेशन को लेकर बात की तो उन्होंने मतदान से लेकर क्षेत्र का गणित समझाया। सुनील शर्मा ने कहा कि मतदान प्रतिशत कम रहा है यह बात ठीक है और यह भी ठीक है कि इस बार वोट घटे हैं। लेकिन यहां पर हमें उन क्षेत्रों पर फोकस करना होगा जहां वोट घटे हैं और उन क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा जहां मतदान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि 30 हजार के लगभग वोट घटे हैं उनमें से 10 हजार के करीब खोड़ा में घटे हैं और कुछ वोट शालीमार गार्डन में घटे हैं। इसके अलावा शहीदनगर और पसौंडा में वोट घटे हैं। लेकिन अब उन क्षेत्रों पर निगाह दौड़ानी होगी जो इलाके भाजपा का गढ़ माने जाते हैं। यहां वोट प्रतिशत बढ़ा है इसका लाभ भाजपा को मिलेगा। उन्होंने कहा कि साया सोसाइटी में 90 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजनगर एक्सटेंशन में 65 से 70 प्रतिशत के बीच मतदान हुआ है। वसुंधरा और वैशाली में 52 प्रतिशत मतदान हुआ है और इन्दिरापुरम में 55 प्रतिशत मतदान हुआ है। ये वोट भाजपा के वोट हैं। सुनील शर्मा ने कहा कि ये मेरा आंकलन है कि साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की लोकसभा के उम्मीदवार अतुल गर्ग सवा दो लाख से ढाई लाख वोटों के बीच चुनाव जीतेंगे।

### मुझसे ज्यादा मिलेंगे अतुल गर्ग को वोट, सवा लाख से होगी यहां उनकी जीत : अजीत पाल त्यागी



करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी को मुरादनगर की सियासी जमीन का एनसाईक्लोपीडिया कहा जाता है। वो देहात से लेकर कस्बे तक के वोटर का मिजाज जानते हैं। वो तेज रफ्तार के मतदान एवं धीमी मतदान का इफैक्ट जानते हैं। यहां की चुनावी नब्ज को उनसे बेहतर कोई नहीं जानता। दैनिक करंट क्राइम ने जब मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी से बात की तो यहां अजीत पाल त्यागी ने दावा किया कि मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से अतुल गर्ग लगभग सवा लाख वोटों से चुनाव जीतकर निकलेंगे। यहां विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि अतुल गर्ग को मुरादनगर विधानसभा में मुझसे ज्यादा वोट मिलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरा जमीनी स्तर पर आंकलन है जब 4 जून को मतगणना होगी तो विपक्ष की सारी गलतफहमी दूर हो जायेगी। अपने से ज्यादा वोट मिलने के दावे पर उन्होंने कहा कि यह चुनावी गठबंधन का भी असर है। जब मैं चुनाव लड़ा था तो भाजपा और रालोद का गठबंधन नहीं था। जिसका मुझे चुनाव में नुकसान हुआ। लेकिन इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है तो यह वोट भाजपा के अतुल गर्ग को मिलेंगे। गठबंधन का लाभ होगा यही वजह है कि अतुल गर्ग मुरादनगर विधानसभा के लगभग सवा लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे और उन्हें मुझसे ज्यादा वोट मिलने जा रहे हैं।

### नहीं बंटे गुर्जर वोट और अतुल गर्ग को मिलेंगे यहां 70 हजार प्लस वोट : नन्द किशोर गुर्जर



करंट क्राइम। लोनी विधानसभा क्रान्तिकारी विधानसभा मानी जाती है। दैनिक करंट क्राइम ने लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर से बात की और उनके अनुमान को जाना। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने दावा किया कि अतुल गर्ग लोनी विधानसभा क्षेत्र से 70 हजार से अधिक वोटों से चुनाव जीतकर आयेंगे। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि उन्हें मुझसे ज्यादा वोट मिलेंगे। इसका कारण भी उन्होंने बताया और कहा कि हाईराईज सोसाइटियों में पोलिंग सेंटर बनाये गये थे और इसका लाभ भाजपा को मिलेगा। इसी तरह देहात के मतदाताओं का रूझान भाजपा की तरफ है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने दावा किया कि गुर्जर वोटों में बंटवारा नहीं हुआ है। यह एक सकारात्मक संकेत हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर सभी जातियों का वोट भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग को मिला है। लोनी विधायक ने दावा किया कि अतुल गर्ग अपना पिछला रिकार्ड यहां से तोड़ेंगे। इस बार लोकदल के साथ गठबंधन होने से भी जीत के मार्जिन में काफी बढ़ोतरी होगी।

### अतुल गर्ग ने कहा अपनी विधानसभा में जीतूंगा सवा लाख से चुनाव

करंट क्राइम। अतुल गर्ग भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार है। लेकिन वो शहर विधायक भी हैं। जब बात विधानसभा की हो रही है और सभी विधायक अपना अपना दावा कर रहे हैं तो अतुल गर्ग से भी करंट क्राइम ने उनकी विधानसभा को लेकर बात की। अतुल गर्ग ने कहा कि अभी मैंने खुद से हिसाब नहीं लगाया है लेकिन मेरा अनुमान है कि मैं शहर विधानसभा से



सवा लाख वोटों से चुनाव जीतूंगा। यहां अतुल गर्ग ने अपने कैलकुलेशन बताये और कहा कि मैं 2022 में 107000 वोटों से चुनाव जीता था। अगर मैं उस समय के वोट को जोडू तो कांग्रेस को लगभग 11000 वोट मिले थे। बसपा उम्मीदवार को 33000वोट मिले थे और सपा को 41000 वोट मिले थे। इस बार शहर विधानसभा में बसपा का वोट बैंक घटा है और ये वोट आधा मुझे और आधा डॉली शर्मा को मिला है। इसके अलावा सिद्धार्थ विहार, क्रासिंग जैसे क्षेत्रों में 80 से 90 प्रतिशत मतदान हुआ है। ये इलाका भाजपा का गढ माना जाता है लिहाजा ये वोट हमें मिलेगा।

उन्होंने कहा कि ये बात सही है कि मतदान कम हुआ है पोलिंग कम हुआ है लेकिन हमारा वोट बढ़ा है। हाईराइज सोसाइटी में 60 प्रतिशत मतदान हुआ है जबकि यह पहले 40 प्रतिशत होता था। इस गणित से मैं शहर विधानसभा में सवा लाख वोटों से चुनाव जीत रहा है और लोकसभा में मेरी जीत का आंकडा 5.5 से लेकर 6 लाख वोटों के बीच रहेगा।

### धौलाना से जीतेंगे अतुल गर्ग लोकसभा चुनाव : धर्मेश तोमर



करंट क्राइम। धौलाना विधानसभा इस बार चचाओं में रही है। इस विधानसभा के विधायक धर्मेश तोमर से दैनिक करंट क्राइम ने बात की। धर्मेश तोमर ने दावा किया कि धौलाना विधानसभा में कमल खिलेगा और यहां भाजपा की जीत सुनिश्चित है। यहां से अतुल गर्ग लोकसभा का चुनाव जीत कर निकलेंगे। लेकिन धर्मेश तोमर ने यहां आंकड़ों पर कोई बात नहीं की। उन्होंने इतना जरूर कहा कि अतुल गर्ग धौलाना में जीत कर आयेंगे। धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने यहां कुछ लोगों का नाम लिये बिना कहा कि हमारे कुछ दल के लोगों ने ही इतनी मेहनत नहीं की जितनी करनी चाहिए थी। उन्होंने पार्टी के विपरीत जाकर काम किया। ये संगठन के लोग हैं और हम चुनाव के बाद इसकी शिकायत आला कमान से करेंगे।

### 6 लाख वोटों से खिलेगा गाजियाबाद लोकसभा में कमल का फूल : सुनीता दयाल



करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल के नगर निगम क्षेत्र में लगभग 3 विधानसभा मानी जाती हैं। वो भाजपा की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी हैं मेयर भी हैं और चुनाव का अनुभव है। दैनिक करंट क्राइम ने जब मेयर सुनीता दयाल से बात की तो उन्होंने कहा कि मैंने एक कार्यकर्ता की तरह यहां भाजपा के लिए वोट मांगे हैं। मैंने शहरी क्षेत्र मे रोड शो किया और हिंडन पार क्षेत्र में दो जनसभाएं की है। लोगों से भाजपा के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि मेरे नगर निगम नगरीय क्षेत्र में कमल का फूल खिल रहा है। यहां भाजपा 6 लाख वोटों से चुनाव जीत रही है। उन्होंने दावा किया कि बसपा डेढ लाख वोटों के बीच निपट जायेगी और सपा कांग्रेस गठबंधन की डॉली शर्मा को तीन लाख से चार लाख के बीच वोट मिलेंगे। बाकी वोट भाजपा के हैं।

### जोड़ा विधायकों का कैलकुलेशन तो अतुल गर्ग 6 लाख से जीत रहे हैं इलैक्शन

करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव को लेकर जीत का दावा दस लाख से शुरू हुआ था और फिर वो आठ लाख पर आ गया। धीरे धीरे मतदान का दिन भी आ गया और मतदान के बाद ये आंकड़ा 6 लाख पर आ गया है। इसकी वजह कम मतदान होना बताया जाता है। सभी विधायकों ने अपने अपने दावे किये। यदि विधायकों के कैलकुलेशन को जोड़ा जाये तो अतुल गर्ग लगभग 6 लाख वोटों से इलैक्शन जीत रहे हैं। देश की सबसे बड़ी विधानसभा के विधायक सुनील शर्मा का दावा है कि यहां ढाई लाख की अनुमानित जीत होगी। इस ढाई लाख में अगर मुरादनगर विधानसभा की सवा लाख और अतुल गर्ग की शहर विधानसभा के सवा लाख वोटों को जोड दिया जाये तो इसका टोटल ढाई होता है और यह आंकड़ा पांच लाख पहुंचता है। इस पांच लाख के आंकड़े में 70 हजार लोनी विधानसभा के जोड़े जायें और यह पांच लाख 70 हजार वोट हो जाते हैं और इसमें धौलाना विधानसभा से जीत शामिल की जाते तो यह आंकड़ा 6 लाख के मार्जिन को छूने की तरफ बढ़ा है।

## बसपा में मैनेजमेंट को लेकर अंदरखाने घमासान

**बसपा नेताओं ने कहा बात को पहुंचायेंगे आलाकमान**

करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव में बसपा का हाथी बस्तों की रेस में पिछड़ गया। कई ऐसे मतदान केन्द्र थे जहां बसपा के बस्ते ही नहीं लगे। बस्ते ना होने से बताया जाता है कि बसपा का हाथी कई बूथों पर रास्ता भूल गया। हांलाकि बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ने ये कहा था कि बस्ता होना या ना होना कोई इश्यु नहीं है क्योंकि बीएलओ द्वारा घर घर पर्ची पहुंचाई गई थी। लेकिन सूत्र बताते हैं कि बस्ता मैनेजमेंट को लेकर अंदरखाने घमासान मच गया है। बसपा नेताओं की नाराजगी उम्मीदवार से नही है उनकी नाराजगी बस्ता मैनेजमेंट को लेकर है। सूत्र बताते है कि प्रत्याशी की ओर से बस्तों का मैनेजमेंट किया गया था। लेकिन कमी कहां रही इसकी जांच हो रही है। अब सोशल मीडिया से लेकर बसपा हाईकमान तक ये बातें पहुंच रही हैं। बसपा के कई नेता अंदरखाने नाराज है और वो इस पूरे मामले को बसपा हाईकमान के सामने रखने जा रहे हैं। जल्द ही ये मामला बसपा हाईकमान तक पहुंचने वाला है।

## बागपत लोकसभा सीट पर अमरपाल शर्मा ने दी है चुनावी ललकार

### नतीजा 4 जून को आयेगा लेकिन साबित किया है उन्होंने अपना सियासी आधार

**करंट क्राइम।** लोकसभा का चुनावी रण गाजियाबाद में दूसरे चरण में आया है। दूसरे चरण के चुनाव में गाजियाबाद, बागपत, मेरठ, गौतमबुद्ध सहित कई सीटों पर चुनाव हुआ है। इस बार बागपत सीट चुनावी चचाओं के केन्द्र में है। यहां पर सपा कांग्रेस गठबंधन में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को चुनावी रण में उतारा और भाजपा ने यह सीट अपने गठबंधन सहयोगी रालोद को दी। रालोद ने यहां से डॉ राजकुमार सांगवान को टिकट दिया। यहां पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की एन्ट्री के बाद चुनावी फाईट पहले दिन से ही रोचक मानी जा रही है। अमरपाल शर्मा ने यहां अपने तेवरों से जहां कई वर्गों को अपने फेवर में किया है वहीं उन्होंने चुनाव को एक मजबूत मुकाबले में लाकर खडा किया है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की चुनावी ललकार ने यहां उनके सियासी आधार की ताकत भी बताई है। नतीजा 4 जून को आयेगा लेकिन यहां अमरपाल शर्मा ने खुद को मुख्य मुकाबले में लाकर



खड़ा किया है। अमरपाल शर्मा चुनावी रण के पुराने खिलाडी हैं। वो अपनी ताकत को कई मौकों पर सिद्ध कर चुके हैं। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में जीत का खाता खोलकर वो सबसे पहले विधायक बने। विधानसभा से उन्हें बेस्ट एमएलए का खिताब मिला। खोड़ा से उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा जिला पंचायत का चुनाव पहले जीतीं थी। लेकिन इस बार अमरपाल शर्मा ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कमाल किया। जिस खोड़ा को भाजपा का गढ़ माना जाता है उस खोड़ा में अमरपाल शर्मा ने अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़वाया। यहां पर उन्होंने भाजपा के गढ़ में भाजपा की लहर में भाजपा की उम्मीदवार को चुनावी मैदान में पराजित किया। यहां से अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल कर खोड़ा नगर पालिका की अध्यक्ष बनी हैं। अब अमरपाल शर्मा बड़े चुनावी रण में हैं और चुनाव के इस खिलाड़ी ने सभी को प्रभावित किया है। वो कई चुनाव लड़ चुके हैं। जिला पंचायत सदस्य का चुनाव उनकी पत्नी ने जीता। विधायक का चुनाव स्वयं अमरपाल शर्मा जीते। नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव उनकी पत्नी ने जीता और अब अमरपाल शर्मा बागपत लोकसभा सीट से सपा कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार हैं। उनका चुनावी शिजरा बताता है कि वो हमेशा कुछ बड़ा करते हैं और रिस्क लेने से नहीं डरते हैं। राजनीति के एक अच्छे खिलाड़ी की तरह खेलते हैं। बागपत लोकसभा में उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से चुनाव को रोचक बनाया है।

## संपादकीय

# समान आय वितरण

भारत में असमानता शुरू से ही अकादमिक विषय रही है, पर इस विषय का सियासत में अचानक गूंज उठना बहुत हद तक सुखद भी है और विचारणीय भी। कोई दोराय नहीं कि किसी सरकार की नीतियों की वजह से ही किसी देश में आर्थिक असमानता बढ़ती है और भारत में आजादी के पहले से ही घोर असमानता रही है। मगर इधर आर्थिक उदारीकरण की नीतियों के बाद आर्थिक असमानता बढ़ी है। अत: ऐसे में आय के पुनर्वितरण की चर्चा शायद गलत नहीं कही जाएगी। इस पर हरेक पार्टी का अपना-अपना नजरिया हो सकता है। फिलहाल, सत्ता पक्ष और विपक्ष का इस मोर्चे पर परस्पर भिन्न विचार अचरज में नहीं डालता है। खासकर, कांग्रेस के घोषणापत्र के बाद यह विषय उसके विरोधियों के लिए एक हथियार बन गया है।

काश! यह विषय वाकई गंभीर विमर्श का विषय बन पाता। दरअसल, हमारे देश में तमाम राजनीतिक पार्टियां बड़े उद्यमियों या बड़ी कंपनियों से चंदा लेती हैं, तो स्वाभाविक है, उनसे बहुत कड़ाई की उम्मीद नहीं की जा सकती। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का उदाहरण तो हमारे सामने है। सरकार सीएसआर के तहत कंपनियों के मुनाफे का एक छोटा हिस्सा वसूलना चाहती थी, पर कंपनियां इसके लिए तैयार नहीं हुईं। तब कंपनियों को ही कहा गया कि वे मुनाफे का करीब दो प्रतिशत हिस्सा समाज-कल्याण पर स्वयं खर्च करें और सरकार को केवल सूचना दे दें। हमारे देश में भले ही लोक-कल्याण की राजनीति होती है, पर देश मूलत: पूंजीवादी स्वभाव रखता है। ऐसे में, साल 2000 के बाद भारत में असमानता तेजी से बढ़ रही है। एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास देश की 22 प्रतिशत से ज्यादा आय और 40 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है। एक विकासशील देश में ऐसी असमानता निश्चित रूप से राजनेताओं का प्रिय विषय बने, तो इससे देश को लाभ होगा। आगामी सरकारों को देर-सबेर यह मुद्दा वाकई गंभीरता से उठाना पड़ेगा, इस पर कोरी राजनीति देश के किसी काम नहीं आएगी।

ठीक इसी तरह विरासत कर का मुद्दा भी अचानक उभर आया है। विरासत कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था का एक पहलू है, जहां किसी अमीर व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति का पूरा हिस्सा उत्तराधिकारी तक नहीं जाता है, करीब 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार ले लेती है। सच्चे पूंजीवादी देशों में शेयर की भावना प्रबल होती है, जबकि कथित क्रोनी कैपिटलिज्म में कमाई को लोग शुद्ध रूप से निजी पुरुषार्थ मानते हैं। यह संजीदा विषय है, भारत में इसकी चर्चा लोगों को नाराज कर सकती है, लेकिन यह विषय इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कभी उठाया था और आज उनकी निंदा हो रही है। कांग्रेस ने उनकी टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया है, पर उसे सियासी नुकसान हो सकता है। भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है। हालांकि, सियासत अक्सर समस्याओं के बखान में ज्यादा खर्च होती है, क्योंकि समाधान के रास्ते लंबे होते हैं, पर ये रास्ते देर-सबेर तय करने पड़ेंगे।

# रेलवे की कंपनी को मिला 439 करोड़ का ऑर्डर... शेयरों में तूफानी तेजी

## निवेशक हुए गद्गद!

**नई दिल्ली।** रेलवे सेक्टर से जुड़ी एक कंपनी को संयुक्त कारोबार में बड़ा ऑर्डर मिला है, जिस कारण उसके शेयरों में शानदार तेजी देखी जा रही है। इसके शेयर आज करीब 3 फीसदी चढ़कर 285.50 रुपये पर बंद हुए। पिछले पांच दिन के दौरान रेलवे का ये स्टॉक 10% से ज्यादा चढ़ चुका है और एक महीने के दौरान इस शेयर ने करीब 15 फीसदी का रिटर्न दिया है।

सरकारी कंपनी रेल विकास निगम ने बताया कि उसकी सहायक कंपनियों जेवी और केआरडीसीएल ने तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन रिडेवलपमेंट के लिए सबसे कम लागत वाली बोली लगाई है। साउथ रेलवे की ओर से यह बोली आमंत्रित की गई थी। इस प्रोजेक्ट के तहत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) शामिल है।

**345.60 रुपये तक गया था आरवीएनएल का स्टॉक :** बीएसई पर आरवीएनएल का मार्केट कैप बढ़कर 59131 करोड़ रुपये हो गया। आरवीएनएल शेयरों का एक साल का बीटा 1.3 है, जो इस अवधि के दौरान बहुत अधिक अस्थिरता का संकेत देता है। 23 जनवरी, 2024 को यह स्टॉक 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 345.60 रुपये और 25 अप्रैल, 2023 को 52-सप्ताह के निचले स्तर 88.50 रुपये पर पहुंच गया था।



### 439 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट

रेलवे का यह प्रोजेक्ट 42 महीने में पूरा किया जाना है, जिसके कुल लागत 439 करोड़ रुपये है। बता दें आरवीएनएल भारतीय रेलवे की कार्यकारी शाखा है और मंत्रालय की ओर से पेश किए गए प्रोजेक्ट के तहत काम करती है। बुधवार को इसके शेयर इंट्राडे के दौरान 3.13% बढ़कर 286 रुपये पर पहुंच गए थे। आरवीएनएल के कुल 10.88 लाख शेयरों में 30.76 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

### एक साल में इतना मुनाफा

रेलवे के इस शेयर ने एक साल में जबरदस्त छलांग लगाया है। रेल विकास निगम के शेयर एक साल पहले 104 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे, लेकिन अब 285.50 रुपये प्रति शेयर पर हैं। इस अवधि के दौरान रेल विकास निगम ने 172.94% का रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने में ये शेयर 88.89% चढ़ा है।

# 2030 तक ई-कॉमर्स का तीसरा सबसे बड़ा बाजार होगा भारत, इसका सबसे बड़ा कारण है किफायती इंटरनेट

**नई दिल्ली।** 2030 तक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-कॉमर्स बाजार बन जाएगा और डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 8,000 करोड़ डॉलर हो जाएगा। वहीं, इसी साल तक भारत का ई-कॉमर्स बाजार बढ़कर करीब 3,250 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है।

एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत में 50 करोड़ से ज्यादा लोग ऑनलाइन खरीदारी कर रहे होंगे। फिलहाल, भारत का ई-कॉमर्स बाजार करीब 1,130 करोड़ डॉलर का है, जो करीब 21% सालाना की दर से बढ़ रहा है। इसके बढ़ने का सबसे बड़ा कारक 13.5 रुपये प्रति जीबी की दर से किफायती इंटरनेट है। मोबाइल से इंटरनेट तक पहुंच में 2019 की तुलना में 2023-24 में 21 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2025 तक 87% घरों में इंटरनेट कनेक्शन होगा। इंटरनेट उपभोक्ताओं के साथ ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में वृद्धि का अनुमान है। 2019 से 2026 के बीच ग्रामीण भारत में 22 फीसदी की वार्षिक दर से सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 88 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।



**यूपीआई सबसे अहम :** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था व ई-कॉमर्स बाजार में वृद्धि के कारणों में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सबसे अहम है। 2022 में इसके जरिये 1.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का लेन-देन किया गया।

# भारत और ताइवान ने आईसीटी आयात शुल्क विवाद पर फैसला टालने को कहा

**नई दिल्ली।** भारत और चीनी ताइपे (ताइवान) ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नयी दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि ह्यदोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं ह्ण एक अधिकारी ने यह बात कही।

यह मुद्दा 26 अप्रैल को जिनेवा में विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक के दौरान उठा। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई, 2024 तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार नहीं करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि निकाय इस पर सहमत हो गया है।

इससे पहले भी डीएसबी ने रिपोर्टों पर विचार करने में देरी के लिए भारत और चीनी ताइपे के तीन पिछले अनुरोधों पर सहमति व्यक्त की थी। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, आदेश जारी होने के 60 दिनों के भीतर पैनल के फैसले को डीएसबी द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाना होगा। हालांकि, दोनों देश परस्पर निर्णय को अपनाने में देरी के लिए डीएसबी से अनुरोध कर सकते हैं।

# ऑटो उद्योग बाजार 2026 तक 300 बिलियन डॉलर को छू सकता है

**नई दिल्ली।** बीते कुछ सालों से भारतीय ऑटो उद्योग में काफी तेजी देखी गई है। कोरोना महामारी के बाद से लोगों का रुझान गाड़ियों की तरफ तेजी से बढ़ा है। इसी वजह से बाजार में कारों की अच्छी मांग बनी हुई है।



देश का ऑटो बाजार जल्द ही एक बड़ी मंजिल को छू सकता है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि देश का ऑटो बाजार साल 2026 तक 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। बताया जा रहा है कि इसके पीछे लोगों की बढ़ती आय, शहरीकरण, तेजी से उभरता हुआ मध्यम वर्ग और लोगों की खरीदने की ताकत में इजाफा समेत कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं।

देश के ऑटो उद्योग ने मार्च 2024 में यात्री वाहन, दो पहिया, तिपहिया और अन्य समेत 2325959 यूनिट्स का प्रोडक्शन किया। वहीं, मार्च महीने में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 368086 इकाइयों की रही। इस दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री 1487579 इकाइयों की बिक्री हुई। इसी दौरान तिपहिया वाहनों की बिक्री 56723 इकाइयों की हुई।2024 की पहली तिमाही के दौरान सभी वाहन की 7394417 इकाइयों का प्रोडक्शन हुआ।

भारत दोपहिया वाहनों का सबसे बड़ा निमार्ता देश है, देश में हर साल 21 मिलियन से अधिक यूनिट्स का उत्पादन होता है। साथ ही ट्रैक्टरों के प्रोडक्शन के मामले में भी देश सबसे ऊपर आता है। इसके अलावा भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा भारी ट्रक निमार्ता देश है। वहीं, कार के प्रोडक्शन के मामले में भारत का स्थान चौथा है। भारत का ऑटो निर्यात देश की जीडीपी में बड़ा योगदान देता है। इस सेक्टर से लगभग 19 मिलियन लोगों को रोजगार मिलता है।

दूसरी तरफ, देश काफी तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर अग्रसर हो रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, भारत 2025 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता देश बन जाएगा।

# आईसीआईसीआई बैंक का चौथी तिमाही में 11,672 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली।** देश में निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। आंकड़ों के अनुसार बैंक का समेकित शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 18.4% बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक के अनुसार उसका कुल राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही की तुलना में 25% बढ़कर 67,181.70 करोड़ रुपये हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-23 की चौथी तिमाही में बैंक की कुल आमदनी 53,922.75 करोड़ रुपये थी।चौथी तिमाही के नतीजों के बाद बैंक ने 10 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देने का भी एलान किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने लाभांश देने का प्रस्ताव रखा है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को 724.35 करोड़ रुपये का मुनाफा :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 724.35 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। एक साल पहले की अवधि में ऋणदाता के 802.62 करोड़ रुपये के लाभ से यह कम है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जनवरी-मार्च तिमाही में 8,219.21 करोड़ रुपये की ब्याज से होने वाली आमदनी की जानकारी दी है। यह एक साल पहले के 6,424.35 करोड़ रुपये की तुलना में अधिक है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पप्पू स्कूल में गधा लेकर आया
टीचर- यह क्यों लेकर आए हो?
पप्पू- मैम, आप ही तो कहती हो कि मैंने बड़े से बड़े गधों को इंसान बनाया है...
तो मैंने सोचा कि इसका भी भला हो जाए...

संता : मैंने कल तुझे कितनी बार फोन मिलाया, तुमने उठाया क्यों नही?
बंता : क्यों उठाऊं फोन? कल जो मैंने 30 रुपये देकर जो गाना लगवाया है वो क्या तुम्हारा बाप सुनेगा।

लड़का : शादी कर लो मुझसे।
लड़की : क्यों?
लड़का : बहुत डिमांड में हूं।
पूरा देश मुझे ढूंढ रहा है।
लड़की : कौन हो तुम?
लड़का : विकास...

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।
- अवसाद के कारण आपको सामान्य रूप से 3 से 4 गुना अधिक सपने आते है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# विश्व नंबर 1 स्वियातेक मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में

## सोराना क्रिस्टी को 6-1, 6-1 से आसानी से हराया

**नई दिल्ली।** पुरुष एकल के मुकाबले में ब्राजील के क्वालिफायर खिलाड़ी थियागो मोंटियरो ने दूसरे दौर में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराकर उन्हें चौंका दिया।

विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में जगह पोलैंड की स्वायतेक ने महिला एकल के मुकाबले में रोमानिया की सोराना क्रिस्टी को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से हराया। इसके साथ ही स्वियातेक का जीत-हार का रिकॉर्ड 26-4 हो गया है। वह पिछले साल यहां फाइनल में सबालेंका से हार गई थी। स्वियातेक अब अंतिम-16 के मुकाबले में स्पेन की सारा सोरिबेस टोरमो के खिलाफ खेलेंगी। वह अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन की तैयारी कर रही हैं। वह फ्रेंच ओपन की तीन की विजेता हैं।



### क्वालिफायर खिलाड़ी थियागो ने सितसिपास को हराया

पुरुष एकल के मुकाबले में ब्राजील के क्वालिफायर खिलाड़ी थियागो मोंटियरो ने दूसरे दौर में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराकर उन्हें चौंका दिया। सितसिपास ने इस महीने की शुरूआत में मोंटे कार्लो टूर्नामेंट जीता था जबकि पिछले सप्ताह बार्सिलोना ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। मैच के बाद सितसिपास ने कहा कि मैंने अच्छे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मैच खेला। उसने अच्छे शॉट लगाए।

# अगरकर दिल्ली में कप्तान रोहित के साथ अनौपचारिक मुलाकात करेंगे

**नई दिल्ली।** आईपीएल मैच के लिए विशेष रूप से दिल्ली आए थे, क्योंकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हो। राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए संभावित 15 सदस्यीय टीम को लेकर यहां अनौपचारिक बैठक होने की उम्मीद है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की आखिरी तारीख एक मई है। ऐसा समझा जाता है कि अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेली गयी आईपीएल मैच के लिए विशेष रूप से दिल्ली आए थे, क्योंकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हो।



टीम में कुछ स्थानों को लेकर चर्चा की जरूरत है। इसमें सबसे अहम हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी फिटनेस है। अगर हार्दिक को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिलती है तो शिवम दुबे और रिंकू सिंह में से केवल एक को ही जगह दी जा सकती है। विकेट कीपर के विकल्प के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और लोकेश राहुल के नामों को लेकर चर्चा होगी। तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर भी चीजें स्पष्ट नहीं है। जसप्रीत बुमराह शानदार लय में है तो वहीं अनुभवी मोहम्मद सिराज का आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और युजवेंद्र चहल में टीम के तीसरे स्पिनर के लिए मुकाबला होगा। बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण अक्षर का दावा ज्यादा मजबूत है।

# फिडे ने विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए बोली प्रक्रिया शुरू की

## लगभग 80 करोड़ रुपये का बजट रखा

**नई दिल्ली।** एआईसीएफ को अगर प्रतिभाशाली डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी करनी है तो उसे 80 करोड़ रुपये (9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च करने होंगे। यह मुकाबला अस्थायी रूप से 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच निर्धारित है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को अगर प्रतिभाशाली डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी करनी है तो उसे 80 करोड़ रुपये (9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च करने होंगे। यह मुकाबला अस्थायी रूप से 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच निर्धारित है। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था फिडे ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित मैच के लिए संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित कीं।



एआईसीएफ के नवनिर्वाचित सचिव देव पटेल ने गुरुवार को ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने के लिए राष्ट्रीय निकाय की इच्छा व्यक्त की। गुकेश की मौजूदगी के कारण एआईसीएफ इसमें दिलचस्पी ले रहा है। सत्रह साल के गुकेश सोमवार को टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने हैं। संभावित बोली लगाने वाले के लिए फिडे द्वारा उल्लिखित बुनियादी मानदंड को पूरा करना होगा। इसमें वैश्विक निकाय के लिए 8.5 मिलियन डॉलर (लगभग 71 करोड़ रुपये) का बजट और 1.1 मिलियन डॉलर (लगभग नौ करोड़ रुपये) की सुविधा शुल्क है। टूर्नामेंट की अवधि 25 दिन की है। फिडे द्वारा प्रदान की जाने वाली कुल पुरस्कार राशि लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (20 करोड़ रुपये से अधिक) है जो 2023 में पुरस्कार राशि दो मिलियन डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) से बढ़ा दी गई थी।

फिडे इस मामले में 31 मई तक कोई फैसला करेगा। पटेल ने इससे पहले पीटीआई से कहा था, ह्यह्यहम शतरंज की शीर्ष संस्था फिडे के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं और हमें यकीन है कि सर्वश्रेष्ठ विश्व चैंपियनशिप का आयोजन भारत में होगा।

# 'लोगों को मसाला नहीं मिला तो...', विराट कोहली के साथ विवाद पर गौतम गंभीर ने क्यों कही यह बात?



**नई दिल्ली।** इस सीजन दोनों टीमों के बीच मैच के दौरान कोहली और गंभीर गले मिले थे, जबकि आरसीबी और केकेआर के बीच पिछले सप्ताह ईडन गार्डेंस में खेले गए मैच के से पहले भारतीय टीम के यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी एक दूसरे से चर्चा करते दिखे थे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर के बीच आईपीएल 2023 सीजन में मैदान पर काफी तीखी नोंकझोक हुई थी जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था। हालांकि, इस सीजन दोनों टीमों के बीच मैच के दौरान कोहली और गंभीर गले मिले थे, जबकि आरसीबी और केकेआर के बीच पिछले सप्ताह ईडन गार्डेंस में खेले गए मैच के से पहले भारतीय टीम के यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी एक दूसरे से चर्चा करते दिखे थे। गंभीर ने कोहली के साथ विवाद पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि लोगों को मसाला नहीं मिला तो हमारे बारे में बात करने लगे। 'सब टीआरपी का खेल है'

गंभीर ने एक स्पोर्ट्स चैनल पर चर्चा करते हुए कहा, यह सब टीआरपी का खेल है। मीडिया को इस बारे में कुछ नहीं पता कि मैं और कोहली किस तरह के व्यक्ति हैं। मीडिया सिर्फ हाईप बनाना चाहती है, लेकिन हाईप सकारात्मक तरीके से भी बनाई जा सकती है। मैं कोहली की बात से सहमत हूं कि लोगों को मसाला नहीं मिला। मैं बस यही कहना चाहता हूं कि जब जो परिपक्व लोग होते हैं तो मुझे नहीं लगता कि किसी को भी उनके बीच आने या उनके रिश्ते के बारे में बात करनी चाहिए क्योंकि अंत में यह उन्हीं दोनों के बीच का मामला होता है।

**'कोहली से डांसिंग मूव सीखना चाहूंगा':** गंभीर ने साथ ही मजाकिया अंदाज में कोहली के डांसिंग स्टाइल की सराहना की। उन्होंने कहा, यहां तक कि मैं भी ऐसा करना चाहूंगा, लेकिन एक भी मूव नहीं कर पाऊंगा। अगर मुझे कोहली से कुछ सीखने का मौका मिला तो वो डांसिंग मूव्स होगा।

**गंभीर ने स्ट्राइक रेट को लेकर किया कोहली का बचाव :** कोहली भले ही आईपीएल 2024 में ऑरेंज कैप की दौड़ में आगे चल रहे हैं, लेकिन उनके स्ट्राइक रेट को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। गंभीर ने इसे लेकर कहा, सभी खिलाड़ी का अलग खेल होता है। जो मैक्सवेल कर सकते हैं वो कोहली नहीं कर सकते और जो कोहली कर सकते हैं।

# भारत को वर्ल्ड कप जिताने वाले गैरी कर्स्टन बने पाकिस्तान के कोच...

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पाकिस्तान क्रिकेट में बड़ा बदलाव देखने को मिला है. गैरी कर्स्टन व्हाइट बॉल फॉर्मेट (वनडे और टी20) में पाकिस्तान टीम के नए कोच नियुक्त किए गए हैं. कर्स्टन की कोचिंग में भारतीय टीम ने 2011 का क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता था. ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज जेसन गिलेस्पी को टेस्ट टीम का हेड कोच बनाया गया है. जबकि पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर अजहर महमूद को तीनों फॉर्मेट में टीम का असिस्टेंट कोच बनाया गया है. तीनों कोचों का कार्यकाल दो-दो साल का होगा. बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है.

56 साल के गैरी कर्स्टन फिलहाल आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स के मेंटर है. कर्स्टन भारत के अलावा तीन सालों तक साउथ अफ्रीका टीम के भी मुख्य कोच रह चुके हैं. टी20 विश्व कप से ठीक एक महीने पहले कर्स्टन को पाकिस्तान का कोच नियुक्त किया गया है. मिकी आर्थर के हटने के बाद से तीनों फॉर्मेट में पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच का पद खाली था. आर्थर के बाद, मोहम्मद हफीज ने टीम निदेशक के रूप में टीम की कमान संभाली थी, लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई दौरे में खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें भी बर्खास्त कर दिया गया था.



### गैरी कर्स्टन का ऐसा था इंटरनेशनल करियर

बाएं हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज गैरी कर्स्टन साउथ अफ्रीका के लिए 101 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 45.27 की औसत से 7289 रन बनाए. इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 275 रहा. अपने टेस्ट कैरियर में गैरी ने 21 शतक और 34 अर्धशतक लगाए थे. वनडे इंटरनेशनल में भी गैरी का जवाब नहीं था।

गैरी कर्स्टन ने 185 वनडे इंटरनेशनल मैच खेलकर 6798 रन बनाए, जिसमें 13 शतक और 45 अर्धशतक शामिल रहे. वनडे इंटरनेशनल में गैरी कर्स्टन का बेस्ट स्कोर नाबाद 188 रन रहा, जो उन्होंने यूएई के खिलाफ 1999 के वर्ल्ड कप में बनाया था। गैरी कर्स्टन एक शानदार फील्डर भी थे और मैदान पर उनकी चपलता का कोई जवाब नहीं था।

एक बार गैरी कर्स्टन ने सचिन तेंदुलकर का ऐसा कैच पकड़ा था जो आज भी फैन्स के जेहन में होगा. कर्स्टन ने यह कैच साल 1996 में डरबन में खेले गए टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी में शॉन पोलाक की बॉल पर लिया था. कर्स्टन के उस कैच की गिनती टेस्ट क्रिकेट के बेस्ट कैचों में होती है।

### गिलेस्पी का ऐसा रहा इंटरनेशनल रिकॉर्ड

जेसन गिलेस्पी की बात करें तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 71 टेस्ट, 97 वनडे और 1 टी20 मैच खेले. टेस्ट मैचों में गिलेस्पी ने 26.13 की औसत से 259 विकेट चटकाए. इस दौरान उन्होंने 8 मौकों पर पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट लिए. बल्लेबाजी की बात करें तो गिलेस्पी ने टेस्ट मैचों में 18.73 की औसत से 1218 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे।

वनडे इंटरनेशनल में जेसन गिलेस्पी के नाम पर 25.42 के एवरेज से 142 विकेट दर्ज हैं. ओडीआई में गिलेस्पी ने तीन बार पारी में पांच विकेट चटकाए. इसके अलावा गिलेस्पी ने टी20 इंटरनेशनल में भी एक विकेट लिए. गिलेस्पी ने ओडीआई में 289 और टी20 इंटरनेशनल में 24 रन बनाए। गिलेस्पी इंडियन प्रीमियर लीग (क्ढछ) में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं. साथ ही वह यॉर्कशायर, साउथ ऑस्ट्रेलिया, ससेक्स, एडिलेड स्ट्राइकर्स और पापुआ न्यू गिनी टीम के भी हेड कोच रह चुके हैं।

# आईपीएल में धोनी की कामयाबी का क्या है राज, खुद को कैसे रखते हैं सुपर फिट?

**नई दिल्ली।** लोगों के सोने का समय आमतौर पर रात में 10 से छह या 11 से सात बजे तक होता है, लेकिन धोनी के लिए यह सुबह तीन बजे से सुबह 11 बजे तक है क्योंकि आईपीएल मैच काफी देर तक चलता है। महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के महानतम और सबसे उम्रदराज क्रिकेटर्स में से एक हैं। वह 42 साल की उम्र में भी अपनी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इस सीजन प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं और लंबे-लंबे छक्के लगा रहे हैं। हालांकि, उनकी इस कामयाबी और फिटनेस के पीछे क्या राज है, इसको लेकर कभी बातचीत नहीं हुई। अब आईपीएल के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर



द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में धोनी ने खुलासा किया है कि वह अपने नींद के टाइम टेबल को लेकर काफी सीरियस हैं। उन्होंने कहा कि इसे कई लोगों ने बेतुका बताया लेकिन माही ने कभी उनकी बात नहीं सुनी और इसी ने उन्हें आईपीएल मैचों के लिए तरोताजा रहने में मदद की। वीडियो में धोनी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'कुछ लोगों के मुताबिक यह सबसे बेतुका टाइम-टेबल में से एक था, लेकिन वर्षों से इसने मेरी मदद की।

आईपीएल शुरू होने से पांच-सात दिन पहले मैं इस तरह सोचना शुरू कर देता हूं और मैं अपना दिमाग उसी तरह से ट्रेनिंग करना शुरू कर देता हूं। हमारे पास प्लस पॉइंट था कि हम उस फ्लाइट को पकड़ने की कोशिश करते थे जो 12 बजे के बाद होती थी।' धोनी ने कहा- मैं बहुत देर तक सोता था क्योंकि जब मैच होते हैं, तो 8 से 11-11.30 तक चलते हैं। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के बाद कोई भी खिलाड़ी अपना किट बैग पैक करता है। फिर देर रात खाना होता है। जब तक आप होटल वापस पहुंचते हैं, तब तक लगभग रात के 1-1:15 बज चुके होते हैं। उसके बाद आपको होटल में अपना सामान पैक करना होता है, किट बैग को बाहर छोड़ देना होता है और जब तक आप यह सब करते हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, मान लीजिए कि लगभग रात के 2:30 बज चुके होते हैं। लोगों के सोने का समय आमतौर पर रात में 10 से छह या 11 से सात बजे तक होता है, लेकिन धोनी के लिए यह सुबह तीन बजे से सुबह 11 बजे तक है ।

# सैमसन, राहुल ने वर्ल्ड कप की टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए

## अपना दावा मजबूत किया



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किये हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

स्मिथ ने जियोसिनेमा से कहा, उन्हें (राहुल और सैमसन) साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे (दीपक) हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गये। यह देखना हालांकि शानदार था कि दोनों उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने विश्व कप चयन के लिए अपना दावा मजबूत किया। राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 48 गेंदों में 76 रन बनाए, लेकिन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन ने 33 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर उस प्रयास को विफल कर दिया। राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से जीत हासिल की।

चर्चा में मौजूद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने चौथे विकेट के लिए 121 रन की अटूट साझेदारी के दौरान 34 गेंदों पर नाबाद 52 रन की शानदार पारी खेलकर सैमसन का साथ देने के वाले जुरेल की सराहना की। ली ने कहा, वह एक शानदार बल्लेबाज है। उसके पास उचित क्रिकेट शॉट्स हैं।

वह खेल के सभी प्रारूप खेल सकता है और जानता है कि जरूरत के मुताबिक खेल में कब बदलाव करना है। उन्होंने कहा, वह बेहतरीन शॉट खेलता है और अपने कौशल से वह लगातार प्रभावित कर रहा है।

# राजस्थान ने लखनऊ को दी 7 विकेट से शिकस्त

## सैमसन- जुरेल ने खेली अर्धशतकीय पारी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से शिकस्त दी। इस दौरान रॉयल्स के लिए कप्तान संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 गेंद में 121 रन की अटूट साझेदारी बनी।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से शिकस्त दी। इस दौरान रॉयल्स के लिए कप्तान संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 गेंद में 121 रन की अटूट साझेदारी बनी। वहीं पॉइंट्स टेबल में रॉयल्स टॉप पर काबिज है और वह प्लेऑफ के करीब भी पहुंच गई है।

वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की तरफ से लोकेश राहुल और दीपक हुड्डा के अर्धशतकों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 115 रन की साझेदारी हुई। इसके दम पर लखनऊ ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 196 रन बनाये। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान ने छह गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 199 रन बनाकर मैच जीत लिया।





इस दौरान सैमसन ने 33 गेंद की नाबाद पारी में सात चौके और चार छक्के जड़े जबकि जुरेल ने 34 गेंद नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये। एलएसजी के लिए मार्कस स्टोइनिस, अमित मिश्रा और यश ठाकुर ने एक-एक विकेट लिये। राहुल ने 48 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन बनाये तो वहीं हुड्डा ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 50 रन बनाये। दोनों ने 11 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम की शानदार वापसी करवायी। राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने 31 रन पर दो विकेट लिये जबकि ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक सफलता मिली। यशस्वी जायसवाल (24) और जोस बटलर ने 35 गेंद में 60 रन की साझेदारी कर राजस्थान रॉयल्स को अच्छी शुरूआत दिलायी। जायसवाल ने शुरूआती ओवर में मैट हेनरी के खिलाफ छक्का और चौका जड़ा तो वहीं बटलर ने इस गेंदबाज के खिलाफ विकेटकीपर के ऊपर से शानदार छक्का मारा।

छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये यश ने बटलर और जायसवाल से चौका खाने के बाद इंग्लैंड के कप्तान की 18 गेंद में 34 रन की तेज तर्रार पारी को खत्म किया। दो गेंद के बाद स्टोइनिस की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रवि बिश्नोई को कैच दे बैठे जिससे टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 60 रन से दो विकेट पर 60 रन हो गया। रियान पराग (14) ने इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर सत्र में पहली बार मैदान पर उतरे अनुभवी मिश्रा के खिलाफ छक्का जड़ लेकिन अगली गेंद को आयुष बडोनी के हाथों में खेल गये। जुरेल ने मिश्रा के अगले ओवर में छक्का तो वही सैमसन ने चौका लगाकर कम हुई रनगति को पटरी पर लाने की कोशिश की।

जुरेल ने 14वें ओवर में मोहसिन के खिलाफ छक्का और तीन चौके जड़कर 20 रन बटोरे। सैमसन ने 16वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये बिश्नोई के खिलाफ दो चौके और छक्का लगाकर मैच पर टीम की पकड़ बना दी। जुरेल को 18वें ओवर में जीवनदान मिला जब यश ठाकुर और गेंदबाज मोहसिन खान ने रन आउट का आसन मौका छोड़ दिया। अगली गेंद पर सैमसन ने छक्के के साथ 28 गेंद में सत्र के अपने चौथे अर्धशतक और जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। इसी ओवर में जुरेल ने 31 गेंद में आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। सैमसन ने 19वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ चौका और छक्का लगाकर टीम को लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार सातवीं जीत दिलायी। इससे पहले बोल्ट ने शुरूआती दो गेंद में चौके खाने के बाद तीसरी गेंद पर क्विंटन डिकॉक (आठ) की पारी को खत्म किया। संदीप ने पिछले मैच के शतकवीर स्टोइनिस को बोल्ड कर टीम को बड़ी सफलता दिलायी। शुरूआत में थोड़ी धीमी गति से खेलने वाले राहुल और हुड्डा ने पावर प्ले के बाद बड़े शॉट खेलने शुरू किये। राहुल को हालांकि किस्मत का साथ मिला जब संदीप की गेंद उनके बल्ले में लगने बाद बेहद मामूली अंतर से स्टंप्स से टकराने से बचती हुई छह रनों के लिए चली गयी। एलएसजी ने आठवें ओवर से गति पकड़ी जब राहुल ने आवेश के खिलाफ दो छक्के जड़कर 21 रन बटोरे। हुड्डा ने 11वें ओवर में गेंदबाजी के लिए दोबारा आये बोल्ट के खिलाफ 18 रन बटोर कर मौजूदा सत्र का अपना पहला पचासा पूरा किया।

अश्विन ने रोवमन पोवेल के हाथों हुड्डा को आउट कर इस शानदार साझेदारी को तोड़ा। अश्विन का यह मौजूदा आईपीएल में सिर्फ दूसरा विकेट है। हुड्डा के आउट होने के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने रनों पर अंकुश लगाना शुरू किया और इसका फायदा संदीप ने खतरनाक निकोल्स पूरन (11) को आउट कर उठाया। पूरन संदीप की बाउंसर को डीप बैकवर्ड लेग पर बोल्ट के हाथों में खेल गये। राहुल भी इसी अंदाज में आवेश का शिकार बने। बडोनी (नाबाद 18) कृणाल पंड्या (नाबाद 15) तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे जिससे राजस्थान ने एलएसजी को 200 रन के अंदर रोक दिया।

# हापुड़ में बिजली तार चोर गिरोह का पदार्फाश

## 50 बंडल के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, पुलिस को काफी समय से थी तलाश



**हापुड़।** जिले में थाना देहात पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया है, जो बिजली तार चोरी किया करता था। पुलिस ने गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 50 बिजली तार के बंडल और घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद की है। पुलिस ने बताया की आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल, सदर डीएसपी वरुण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना देहात पुलिस दोपहर हापुड़-मेरठ बाईपास स्थित धनौरा कट के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक पिकअप को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन पिकअप चालक पुलिस को देख गाड़ी लेकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप को सहित दो व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने अपने आप को बिजली तार चोर बताया। इस पर पुलिस ने पिकअप की जांच की तो इसमें बिजली तार के करीब 50 बंडल लदे थे। दोनों तार चोरों ने अपने नाम अब्दुल निवासी गांव बरमपुर जिला सिद्धार्थनगर और हाल पता सोनिया विहार थाना ट्रोनिका सिटी जिला गाजियाबाद और इरशाद निवासी वनटिकरा भानपुर थाना सोनहा जिला बस्ती हाल पता सोनिया विहार तीसरा पुस्ता गली नंबर चार दिल्ली बताएं हैं।

### पूछताछ मे हुआ खुलासा

डीएसपी ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया वह बिजली के बंडलों को मेरठ से हापुड़ होते हुए दिल्ली बेचने जा रहे थे। सीओ ने बताया कि पुलिस दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में कई खुलासे हुए है जिनके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

# गंगनहर में नहाने के लिए आए दो डूबे ,किशोरी को बचाया

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में गंगनहर में सवा पांच बजे के आसपास नहाते समय पानी के तेज बहाव में युवक व 16 किशोरी बह गए। गोताखोरों ने किशोरी को किसी तरह बाहर निकाल लिया ,जबकि युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

दिल्ली के मयूर विहार फेस थर्ड निवासी सन्नी अपने दोस्त,दीपू ,काली ,आशीष सखी व 16 किशोरी निशा के साथ छह युवक ई रिक्शा बैठकर नहाने के लिए नगर स्थित गंगनहर पर आए थे। रविवार शाम सवा पांच बजे के आसपास सभी लोग शनि मंदिर घाट के आसपास नहा रहे थे। नहाते समय निशा व सन्नी के पैर फिसल गए। पैर फिसलने से वह नहर में गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। अपने को डूबता देखकर दोनों ने शोर मचा दिया। शोर सून नहर में नहा रहे अन्य युवकों ने दोनों को बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। दो सौ मीटर तक पीछा कर युवकों ने किशोरी को किसी तरह नहर से बाहर निकाल लिया। जबकि युवक सन्नी पानी के तेज बहाव में बह गया। शनि मंदिर के गोताखोर युवक की तलाश में लगे हुए है। हालात गंभीर होने पर किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनकी हालात गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सन्नी के साथ सभी लोग गंगनहर पर पिकनिक बनाने के लिए आए थे। नहाने के बाद सभी को पार्टी करने के लिए होटल में जाना था।

इससे पहले ही हादसा हो गया। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश की जा रही है। यदि वह नहीं मिला तो एनडीआरएफ की टीम को बुलाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि नहर में नहाने के लिए आए सखी व निशा तीन दिन से अपने घर से लापता है। उनकी गुमशुदगी दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाने में दर्ज है। परिजन उन्हें तलाश करते हुए फिर रहे थे।

# नोएडा में ई-रिक्शा चार्जिंग के दौरान फटी बैटरी, पिता-पुत्र झुलसे, बेटे की हो गई मौत

**नोएडा।** सेक्टर-27 स्थित अट्टा गांव में चार्जिंग के दौरान ई-रिक्शा की बैटरी से पिता-पुत्र गंभीर रूप से झुलस गए। उपचार के दौरान बेटे की मौत हो गई। जबकि पिता की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के एम्स में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस का कहना है कि अट्टा गांव में रहने वाले मुन्नजीर अंसारी अपने पिता फारूक अंसारी के साथ शनिवार रात अपने ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज कर रहे थे।

अचानक ई-रिक्शा की बैटरी फट गई। इस घटना में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर डाक्टरों ने रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुन्नजीर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि फारुक अंसारी की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है।




### क्या इस बार भी जायेगें वो घोड़े पर होकर सवार मन्नत मांगने

वैसे तो उनकी सियासी वफा का सिला कुछ महीनो में ही मिला था। वफा के साल्ट में कुछ फाल्ट ऐसा हो गया था कि वफा के बाद भी उन्हे दफा कर दिया गया था। तस्वीरे गवाह है कि पहले चुनाव में मतदान के बाद वो वैष्णो देवी को जाने वाले रास्ते पर घोड़े पर सवार हुये मिले थे। साथ में प्रमुख सिपाहसालार भी थे फिर राम जाने क्या हुया लेकिन देवी जानती है कि मन्नत मांगी थी पूरी हुई और जीत के साथ मिनिस्ट्री भी मिली। मगर ये बात आज तक मिस्ट्री है कि उनका वहां से पैकअप क्यों हो गया। बहरहाल इस बार वो फिर आ गये और अब फूल वाले ही पूछ रहे हैं कि इस बार वो घोड़े पर सवार होकर मन्नत मांगने नही जायेगें क्या। कहने वाले ने कहा कि इस बार मन्नत और स्था चेंज हो सकता है। मन्नत विधानसभा की हो सकती हैं और दर उत्तराखंड में हो सकता है।

### मुफ्त में कब तक करते सपोर्ट बस्ते पर बिक गये हाथी के वोट

वैसे तो हाथी वालो के यहां चुनाव ही एक पालिटिकल इवेंट हो गया है। कोई भी आ जाता है और चुनाव लड़वाने के लिये सारे महावत जुट जाते हैं। शुक्ला जी आये चुनाव लड़े और चले गये। महावत जय भीम जय भीम करते रहे और वो अपनी थीम पर ही रहे। अब बदला लेने के लिये ठाकुर साहब आ गये। बस्ते की चर्चा हो ही रही थी कि अब पता चला है कि खर्चा नही तो पर्चा नही वाला सीन हो गया। एक बूथ के बाहर हाथी वाले आकर बैठे लेकिन उन पर हाथ ही हाथ वालों ने रख दिया। फिर क्या था हाथी के एक मात्रा हटी और हाथ की आवाज आने लगी। नेहरूनगर के एक स्कूल के बाहर कूल तरीके से ये गेम हो गया। बूथ की रिपोर्ट बता देगी कि गढ़ हाथी वालो का है और यहां कृपा हाथ वालो पर हो गई है। हाथी वालो ने भी कह दिया है कि नो खर्चा तो नो पर्चा।

### पता है उनका सियासी कद लेकिन वो शिकायत करें ये तो है हद

एक कहावत है कि बेगानी शादी में अबदुल्ला दीवाना लेकिन इस बार चुनाव में फूल वालों के यहां हैंडपंप वालो की हालत कुछ ऐसी ही रही है। चौधरी ने हाथ मिला लिया तो खाप क्या करती। मगर सितम ये रहा कि वो जाट गांवो में वोट मांगने गये तो नल वालो को साथ नही ले गये। फूल वाले का जवाब और भी बढ़िया और उन्होने कहा कि ड्राइंग रूम के शोपीस थे और हमने उन्हे वहीं साथ लिया जहां संदेश देना था। हिन्दी भवन में उन चेहरों को भी मंच पर बिठाया जो खुद पार्षदी लड़े तो कन्फर्म हार कर दिखायेगें। वो तो हम कुछ कह नही रहे लेकिन हमें पता है उनका सियासी कद लेकिन इस पर भी अगर वो शिकायत कर रहे हैं तो ये हद है उनकी। हमें पता है सियायत में क्या है उनका कद।

# गाजियाबाद की मेघा अग्रवाल बनीं आईपीएस, परिवार में खुशी का माहौल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की मेघा अग्रवाल ने यूपीएससी परीक्षा में 206वीं रैंक हासिल कर जिला के नाम रोशन किया है। गुलमोहर एन्क्लेव में रहने वाली मेघा अग्रवाल ने पांचवे प्रयास में यह सफलता हासिल की। मेघा के पिता जुगल किशोर और मां रेखा अग्रवाल व्यवसायी हैं।

गाजियाबाद की मेघा अग्रवाल के यूपीएससी में चयनित होने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। आईपीएस चुने जाने पर मेघा अग्रवाल के फूफा सुधीर कंसल और बुआ प्रीती कंसल ने एक विशेष पार्टी आयोजित की। इस पार्टी में उनके परिवार के लोग शामिल हुए। सभी ने मेघा को शुभकामनांए और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मेघा अग्रवाल ने 2009 में ठाकुरद्वारा स्कूल से दसवीं और 2011 में छबीलदास स्कूल से बारहवीं की पढ़ाई की थी। मेघा अग्रवाल के परिवार में खुशी का माहौल है।

# जेएम एरोमा सोसाइटी में बवाल, निवासियों ने एओए के खिलाफ खोला मोर्चा

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित जेएम अरोमा सोसाइटी में पिछले कुछ समय से अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के चुनावों को लेकर विवाद चल रहा है। निवासियों का आरोप है कि यहां पिछले 4 वर्षों से एओए चुनाव नियमित रूप से नहीं हुए हैं। इस पूरी व्यवस्था से निवासी काफी आक्रोशित हैं। रविवार को सभी निवासियों ने इस गैरकानूनी चुनावी प्रक्रिया का विरोध करने के लिए प्रदर्शन किया।

निवासियों का आरोप निवासियों का आरोप है कि यहां केवल तीन पदाधिकारियों का ही चुनाव करवाया जाता है, जबकि 10 पदों का चुनाव होना चाहिए। वर्तमान में कुछ पदाधिकारी पिछले 5 वर्षों से बिना चुनाव के अपने पदों पर बने हुए हैं। जो भी नए पदाधिकारी चुनाव द्वारा चुने जाते हैं, उन्हें गैरकानूनी तरीके से रिटायर कर दिया जाता है।

# युवक के सिर में मारी गोली, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की मलिक नगर कॉलोनी में शनिवार शाम को युवक को सिर में गोली मारने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से स्कार्पियो गाड़ी ,पिस्टल व कारतूस बरामद किए है। घायल हुए युवक की हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। नगर की मलिक नगर कॉलोनी निवासी दाशिन व नावेद के बीच ढाई लाख रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार शाम छह बजे दानिश ,जावेद व अन्य युवकों के साथ कॉलोनी में ही दुकान पर खड़ा होकर कोल्ड ड्रिक्स पी रहा था। इसी बीच नावेद स्कार्पियो गाड़ी से आया और दानिश को टारगेट बनाते हुए पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली जावेद के सिर में जा लगी। इसके बाद नावेद जावेद को अपने साथ गाड़ी में डालकर ले गया और मुरादनगर व मोदीनगर के अस्पताल में भर्ती कराने के लिए भटकता रहा। जब किसी ने उसे भर्ती नहीं किया तो वह जावेद को चुंगी नम्बर तीन पर सड़क पर फेंककर फरार हो गया। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने रविवार सुबह सूचना के आधार पर नावेद निवासी मलिकनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई स्कार्पियो गाड़ी ,पिस्टल दो कारतूस बरामद किए है।

हमारे पुराने एप्प को करें Delete




दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

जल्द आ रहा है
नए खास
अंदाज में
आपके बीच





## बिल्ट रिवाड्र्स संस्थापक अंकुर जैन और एरिका हैमंड ने की शादी, मौजूद रहे मशहूर लोग

**न्यूयार्क।** बिल्ट रिवाड्र्स के सीईओ अंकुर जैन ने ग्रेट स्फिंक्स के सामने पूर्व डब्लयू डब्ल्यू ई स्टार एरिका हैमंड से शादी कर ली है। दोनों ने मिस्र के ग्रेट पिरामिड के सामने एक दूसरे के साथ जन्म-जन्म तक रहने का वादा किया। कैशबैक टेक कंपनी बिल्ट रिवाड्र्स के संस्थापक और सीईओ अंकुर जैन और पूर्व डब्लयू डब्ल्यू ई स्टार एरिका हैमंड ने शादी कर ली है। दोनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दोनों ने एक नए अंदाज में अपने जीवन की नई पारी की शुरूआत की है। अंकुर जैन ने कहा कि हम न्यूयार्क वाले हैं, और परंपरागत तरीके से शादी के बंधन में नहीं बंधना चाहते थे। हम चाहते थे कि हमारी शादी का आयोजन बिल्कुल नई जगह पर हो। जहां मेरे दोस्तों और रिश्तेदारों को भी एक नया एहसास हो।


बता दें इस शादी में न तो दुल्हन की परंपरागत एंट्री हुई, न ही शादी का केक काटा गया। अंकुर जैन ने कहा कि परंपरागत तरीके से शादी करते तो आप सबके भी फूलों पर 20 हजार से अधिक डॉलर खर्च करने पड़ जाते, जिसका कोई मतलब नहीं है। इसलिए हमने फैसला किया था कि हम अपनी शादी जश्न के साथ करेंगे, हमारी शादी में शामिल हुए लोगों को भी लगे कि वे नई दुनिया में आ गए हैं। हैमंड बताया कि मुझे इन सब के बारे में नहीं पता था, मैं बस अपनी शादी को अलग तरीके से करना चाहती थी। अंकुर जैन ने कहा कि आतिशबाजी इस पार्टी का सबसे यादगार पल था, मैं इस दौरान भावुक हो गया था। बता दें मिस्र के पिरामिड के सामने शादी के बंधन में बंधने से पहले यह जोड़ा शादी में शामिल होने वाले रिश्तेदारों के आगमन को लेकर काफी परेशान रहा। अपनी वेलकम पार्टी से पहले निजी मिस्र एयर उड़ान को दक्षिण अफ्रीकी सरकार के हस्तक्षेप के कारण देरी का सामना करना पड़ा। उसके बाद मिस्र में अपने मेहमानों के आगमन के लिए दूल्हा और दुल्हन को घंटों समाधान करने में लगे रहे। लगभग तीन घंटे बाद उनका कार्यक्रम शुरू हुआ।

अंकुर जैन ने कहा कि सुबह 5 बजे तक पार्टी चलती रही। कार्यक्रम में बेली और फायर डांसर ने खूब मनोरजंन किया। इस पार्टी में स बैस और उनके पति, माइकल टर्चिन, रॉबिन थिक और उनकी पत्नी, लव गीरी, शार्क टैंक निवेशक केविन ओ'लेरी और उनकी पत्नी लिंडा, सेरेना केरिगन, कई राजनेता और प्रमुख व्यवसायी सहित कई लोग इस शादी में शामिल हुए।

### हमास ने जारी किया नया वीडियो

# अमेरिकी-इस्राइली नागरिकों के जिंदा होने का दिया सबूत

**यरुशलम।** इस्राइल की ओर से गाजा में जारी हमलों के बीच हमास ने एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो के जरिए उसने बंधक बनाकर रखे गए दो इस्राइली-अमेरिकियों के जिंदा होने का सबूत दिया है। दोनों बंधकों की पहचान 64 वर्षीय कीथ सीगल और 46 वर्षीय ओमरी मिरान के तौर पर की गई है। तीन मिनट के इस वीडियों में बंधक अपने परिजनों को संदेश देते देखे जा सकते हैं। बता दें कि वीडियो तब जारी किया गया, जब हमास ने कहा है कि वह संघर्षविराम के लिए इस्राइल के ताजा प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।



हमास ने जारी किया नया वीडियो वीडियो को कब रिकॉर्ड किया गया है, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि इसे हाल ही में रिकॉर्ड किया गया है, क्योंकि वीडियो में मिरान ने 202 दिनों से बंधक बनाकर रखने का जिक्र किया है। वहीं, सीगल ने एक यहूदी त्योहार-पासओवर का जिक्र किया। अमेरिकी नागरिक सीगल और उनकी पत्नी को हमास पिछले साल सात अक्तूबर को म्यूजिक फेस्टिवल पर हमले के बाद बंधक बनाकर गाजा लाया था। नवंबर में सीगल की पत्नी को मुक्त कर दिया गया था।

**बंधकों के वीडियो पर परिवार ने दी प्रतिक्रिया :** मिरान के इस वीडियो पर उनके पिता ने प्रतिक्रया दी है। उन्होंने अपने बेटे की शक्ल-सूरत पर बात की। पिता ने बताया कि शेविंग के सामान की कमी के कारण मिरान की दाढ़ी बढ़ गई है। उन्होंने वादा किया कि जब उनका बेटा वापस आ जाएगा तब वह अपनी दाढ़ी हटा देंगे।

वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कीथ के परिवार ने कहा कि वे उनकी रिहाई तक अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। दोनों बंधकों के परिवार ने इस्राइल सरकार से रिहाई के लिए समझौता करने की अपील भी की है। इस्राइल के विदेश मंत्री ने शनिवार को कहा कि बंधकों की रिहाई के लिए समझौता होता है तो वह राफा पर किए गए हमले की योजना पर फैसले को वापस ले सकते हैं।

## मैंने एलियंस का कोई सबूत नहीं देखा : एलन मस्क

**वाशिंगटन।** स्पेस एक्स के संस्थापक एलन मस्क ने करीब दस साल पहले गायब हुए एमएच370 विमान को याद करते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने एलियंस का आजतक कोई सबूत नहीं देखा। मस्क ने आगे कहा कि अगर उन्हें एलियंस का सबूत मिला तो वह इसके बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट जरूर करेंगे।



एक यूजर ने विमान के मार्ग का एक कथित वीएफएक्स से तैयार किया गया वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया था। उसने अपने पोस्ट में कहा कि विमान के करीब कुछ घूम रहा है, ऐसा लग रहा है कि यह किसी अभियान का हिस्सा है।र बता दें कि एमएच370 मलेशियाई एयरलाइंस का विमान है जो 2014 में रडार से अचानक गायब हो गया था।

इस पर एलन मस्क ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मैंने एलियंस का आजतक कोई सबूत नहीं देखा। अगर ऐसा होता है तो मैं तुरंत एक्स पर पोस्ट करूंगा। स्पेस एक्स के लगभग 6,000 उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में हैं। इस दौरान एक बार भी एलियंस का सामना नहीं हुआ।

एमएच370 विमान कुआलालंपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बीजिंग के लिए उड़ान भर रहा था। इसमें 227 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य मौजूद थे। 9एम-एमआरओ के रूप में पंजीकृत बोइंग 777-22 ईआर के चालक दल ने उड़ान भरने के 38 मिनट बाद आखिरी बार हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क किया था। उस समय यह उड़ान दक्षिण चीन सागर के ऊपर थी।

इसके बाद ही विमान के चालक दल का एटीसी से संपर्क टूट गया और वे रडार से दूर हो गए। हालांकि, सेना ने अगले कुछ घंटों तक इस विमान को ट्रैक किया था।

## खैबर पख्तूनख्वा में बदमाशों ने किया जज का अपहरण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद बदमाशों ने एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के पास न्यायाधीश शकीरुल्लाह मारवात का अपहरण किया गया। जिले के डीएसपी मोहम्मद अदनान का कहना है कि अपहरण की यह वारदात बग्वाल गांव के पास हुई।

जज का अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस ने बताया कि न्यायाधीश के अपहरण की अब तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

**पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने मुख्यमंत्री पर उठाए सवाल :** घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के केंद्रीय सूचना सचिव फैसल करीम कुंडी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा है कि खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की शांति व्यवस्था के प्रति लापरवाही के कारण यह वारदात हुई है। कुंडी ने सवाल पूछा कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में शांति को लेकर गंभीरता क्यों नहीं बरती जा रही? उन्होंने कहा कि जज के अपहरण की खबर से जनता में असुरक्षा की भावना पैदा हो गयी है।

## पाक सेना के साथ समझौते की फिराक में इमरान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान अब अपनी आजादी के लिए पाकिस्तानी सेना के साथ बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। इमरान खान की पार्टी के ही एक नेता ने बताया है कि उनकी पार्टी बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वे सत्ताधारी पार्टियों पीएमएलएन और पीपीपी के साथ कोई बात नहीं करेंगे। पीटीआई नेता के इस बयान पर पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टियों में बेचैनी बढ़ गई है और उन्होंने पीटीआई को निशाने पर ले लिया है।

### पीएमएलएन और पीपीपी में बढ़ी बेचैनी





पूर्व पीएम नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने कहा है कि 'इमरान खान की पार्टी पीटीआई को नागरिक सर्वोच्चता का रोना नहीं रोना चाहिए, जबकि वे खुद सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करना चाहते हैं। वह रोना रोते हैं कि वे आजादी के ध्वजवाहक हैं, लेकिन बंद दरवाजों के पीछे वे बातचीत की भीख मांगते हैं।' साद रफीक ने कहा कि 'राजनीतिक पार्टियों को आपस में बातचीत करनी चाहिए।' पीएमएलएन के ही एक अन्य नेता राणा सनाउल्लाह ने कहा कि 'पीटीआई की मानसिकता राजनीतिक नहीं है बल्कि वे सैन्य प्रतिष्ठान की मदद से सत्ता हथियाना चाहते हैं। वे (पीटीआई) कहते हैं कि वे सेना के साथ बात करेंगे, लेकिन जब आरोप लगाने की बारी आती है तो वे हर चीज के लिए सरकार पर कीचड़ उछालते हैं।'

पीपीपी के नेता फैसल करीम कुंडी ने भी इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीटीआई राजनीति में सेना के दखल को आमंत्रित कर रही है। पीपीपी हमेशा से राजनीति में सेना के दखल के खिलाफ है।

दरअसल पीटीआई के वरिष्ठ नेता शहरयार अफरीदी ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा कि उनकी पार्टी बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वे बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी और सत्ताधारी पीएमएलएन के साथ कोई बात नहीं करेंगे।

पीटीआई की ही एक अन्य नेता शिबली फराज ने कहा कि पार्टी असल हितधारकों से बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन पहले उसके लिए सही माहौल होना चाहिए।

### मीडिया रिपोर्ट में दी गई जानकारी

# रफाह पर हमले से पहले इस्राइल ने हमास को दिया बंधक समझौते का 'आखिरी मौका'

**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास के बीच भीषण जंग बीते 200 दिनों से ज्यादा समय से जारी है। गाजा पट्टी के दक्षिणी रफाह शहर पर हमले की योजना से पहले तेल अवीव ने युद्धविराम और बंधक समझौते का आखिरी मौका दिया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एक वरिष्ठ इस्राइली अधिकारी के मुताबिक, तेल अवीव में शुक्रवार को मिस्र और इस्राइली प्रतिनिधियों के बीच बातचीत बहुत अच्छी रही। मिस्र के लोग साफ तौर पर एक समझौते पर पहुंचने के लिए आतंकवादी संगठन हमास पर दबाव डालने के लिए तैयार थे।

टाइम्स ऑफ इस्राइल ने खबरों के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में बातचीत आगे बढ़ी है। इससे पहले मिस्र के सरकारी टेलीविजन स्टेशन अल-काहिरा न्यूज ने भी बातचीत में काफी प्रगति की सूचना दी थी। खबर में इस्राइली



अधिकारी के हवाले से कहा गया कि रफाह में हमले की योजना को रोकने के लिए इस्राइल हमास, खासतौर पर इसके नेता याह्या अल-सिनवार को बंधक समझौते में देरी करने की अनुमति नहीं देगा।

इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कुछ दिन पहले दो और रिजर्व ब्रिगेड वहां तैनात की थईं। अल-सिनवार को पिछले साल 7 अक्तूबर को इस्राइल पर हुए हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। इस हमहले में 1,200 इस्राइली सैनिक और नागिरकी मारे गए थे। इसके अलावा, 200 से ज्यादा लोगों को अगवा कर लिया गया था। आईडीएफ का दावा है कि अल-सिनवार रफाह के नीचे बनी हुई सुरंगों में छिपा हुआ है। यह रफाह के भविष्य का समझौता है।

इस्राइल मिस्र की सीमा से लगे रफाह में हमास की आखिरी बची बटालियन को खत्म करना चाहता है। मिस्र रफाह पर हमले को रोकने के लिए एक समझौते पर पहुंचना चाहता है। मिस्र इसको लेकर चिंतित है कि फलस्तीनी बड़ी संख्या में सीमा पार कर सकते हैं। गाजा पट्टी के बाकी हिस्सों में भीषण जंग के शुरू होने के बाद से दस लाख से ज्यादा नागरिकों ने रफाह में शरह ली थी।

**लेबनान में इस्राइली सेना ने आतंकी नेता को मार गिराया**

इस्राइली सेना ने लेबनान में आतंकवादी संगठन इस्लामिक जमात के आतंकवादी नेता मतजब हलाफ को हवाई हमले में मार गिराया। इसकी पुष्टि आईडीएफ ने शनिवार को की। आईडीएफ ने कहा कि हलाफ ने इस्राइल के खिलाफ कई आतंकवादी साजिशों को अंजाम दिया है। हलाफ लंबे समय से इस्लामिक जमात आतंकवादी संगठन के लिए काम कर रहा था। आईडीएफ ने कहा कि हलाफ ने हाल के दिनों में उत्तरी सीमा क्षेत्र में इस्राइइल के खिलाफ कई आतंकी योजना भी बनाई थी।

## टाइटैनिक के सबसे अमीर यात्री की सोने की घड़ी हुई नीलाम




**लंदन।** टाइटैनिक से जुड़ी जब भी कोई जानकारी सामने आती है तो हर कोई उसे जानने को उत्सुक हो जाता है। अब इस जहाज के सबसे अमीर यात्री की मिली एक सोने की घड़ी से जुड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, घड़ी को नीलाम किया गया है, जिसकी कीमत जानकार आपको भरोसा नहीं होगा। इंग्लैड में घड़ी को 11.7 लाख पाउंड यानी 14.6 लाख डॉलर में नीलाम की गई। नीलामीकर्ता हेनरी एल्ड्रिज एंड सन ने कहा कि 1912 के जहाज आपदा से जुड़ी किसी वस्तु के लिए यह एक रिकॉर्ड राशि थी।

**अमेरिका के खरीदार ने खरीदा**

अंदाजा लगाया जा रहा था कि घड़ी करीब एक लाख से 150,000 पाउंड के बीच बिक जाएगी। हालांकि, इन अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के एक शख्स ने बोली जीती है।

**पत्नी की बचाई जान :** घड़ी पर जेजेए लिखा हुआ है। दरअसल, यह घड़ी अमेरिका के सबसे अमीर व्यक्ति जॉन जैकब एस्टोर की थी। बताया जाता है कि जब 15 अप्रैल 1912 में टाईटैनिक डूबी थी, तब जहाज के डूबने से पहले उन्होंने अपनी पत्नी मेडेलीन को एक लाइफबोट पर चढ़ा दिया था, जिससे उनकी जान बच गई थी। हालांकि एस्टोर की मौत हो गई थी। उस समय वह मात्र 47 वर्ष के थे।

दुर्घटना के एक सप्ताह बाद एस्टोर का शव मिला था। इस दौरान ही उनके सामानों में घड़ी भी मिली थी। नीलामी करने वाले कार्यालय का कहना है, 'घड़ी को कर्नल एस्टोर के परिवार को लौटा दिया गया था, उसके बाद उनके बेटे ने इसे पहना था।'

## व्हाइट हाउस के पत्रकारों के भोज तक पहुंचा इस्राइल विरोधी प्रदर्शन, लहराए फलस्तीनी झंडे

**वाशिंगटन।** हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। देशभर में लोग इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। यह विरोध उस जगह तक पहुंच गया, जहां व्हाइट हाउस के पत्रकारों का राष्ट्रपति के साथ रात्रिभोज होना था। इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

**लोगों ने इस्राइल के खिलाफ नारे लगाए**

वीडियो में इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों की भारी भीड़ और उनके हाथ में फलस्तीनी झंडा देखा जा सकता है। यहां तक की जिस हॉटल में भोज कार्यक्रम होना



था, उसकी इमारत पर भी फलस्तीनी झंडा लगा दिया गया था। लोगों ने इस्राइल के खिलाफ नारे लगाए।

दरअसल, हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस के पत्रकारों का भोज होना था। यहां जो बाइडन के रात्रिभोज को संबोधित करने की उम्मीद थी। कार्यक्रम से पहले यहां फलस्तीनियों का समर्थन कर रहे लोग पहुंच गए। इनमें से कुछ ने होटल की सबसे ऊपरी मंजिलों में से एक पर फलस्तीनी झंडा लगा दिया। घटनास्थल पर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने इस पर तालियां बजाईं।

व्हाइट हाउस कॉरेसपॉन्डेंट्स एसोसिएशन की स्थापना 1914 में हुई थी। 1921 से लगभग हर साल एक रात्रिभोज आयोजित किया जाता है। इसका मकसद राष्ट्रपति से जुड़ी खबरों को कवर करने वाले पत्रकारों की सराहना करना और छात्रवृत्ति के लिए धन जुटाने के लिए।

प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी केफिए और तरबूज के प्रतीक वाले कपड़े पहने थे। उन्होंने वाशिंगटन हिल्टन के बाहर फलस्तीनी मुक्त के नारे लगाए। साथ ही कहा कि हम कवरेज की मांग करते हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस्राइल और गाजा की खबरों को अधिक से अधिक दिखाने के मकसद से यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है।

## समलैंगिक रिश्तों पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पास, 15 साल की सजा का प्रावधान

**वाशिंगटन।** इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया है। इस कानून के तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुमार्ना और जेल की सजा देने की भी बात कही गई है।हालांकि इराक में वेश्यावृत्ति विरोधी और समलैंगिकता कानून के पारित होने की अमेरिका ने निंदा की। अमेरिका का कहना है कि यह कानून संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है।

### अमेरिका ने की आलोचना



इराक की संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाले एक कानून को पारित किया है। समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को अधिकतम 15 साल जेल की सजा देने का फैसला लिया है। इराक का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों को बनाए रखना है। कानून की प्रति में कहा गया है कि कानून का उद्देश्य इराकी समाज को नैतिक भ्रष्टता और समलैंगिकता के आह्वान से बचाना है, जिसने दुनिया को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, इराक के इस कदम की कई देशों ने निंदा की गई।

**मौजूदा कानून में किया संशोधन :** अमेरिकी विदेश विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा, 'अमेरिका इराकी संसद द्वारा मौजूदा कानून में संशोधन पारित होने से बहुत चिंतित है। यह बदलाव संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है।'

आगे कहा गया है, यह संशोधन इराकी समाज में सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों के लिए खतरा है। इसका उपयोग मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति में बाधा डालने और इराक गैर सरकारी संगठनों के संचालन को रोकने के लिए किया जा सकता है।

**जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान**

कानून कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित करेगा, इसे लेकर विज्ञप्ति में कहा गया है कि कानून समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाता है। साथ ही जुमार्ना और जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को भी सजा देने की बात कही गई है। कानून में हुए बदलाव से समाज में कुछ लोगों के अधिकार सीमित होंगे। यानी एक समाज में कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित करना सभी के अधिकारों को कमजोर करता है।

# नेहा का शुभ विवाह शिवम के साथ धूमधाम से सम्पन्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविकांत शर्मा और सुधा शर्मा की सुपुत्री नेहा का शुभ विवाह रमेश चंद्र शर्मा और सुमन शर्मा के सुपुत्र शिवम के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। वेव सिटी के कृष्णा पैलेस में आयोजित विवाह समारोह में शामिल गणमान्य लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।

# बदायूं लोकसभा प्रत्याशी के लिए मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया चुनाव प्रचार, मांगे भाजपा के लिए वोट

**बदायूं (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद का चुनाव होने के बाद अन्य जिलों में चुनाव प्रचार के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने शनिवार को दीनदयाल अग्रवाल मेमोरियल इंटर कॉलेज जनपद संभल में लोकसभा क्षेत्र बदायूं के जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा जनपद बदायूं धीरज सिंह ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा जनपद संभल दिव्य प्रकाश यादव और जिला अध्यक्ष भाजपा जनपद संभल चौधरी हरेंद्र सिंह ने भी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप का स्वागत किया और बताया कि किस तरीके मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने विभाग के जरिए उत्तर प्रदेश के पिछड़ों और अल्प आय वर्ग के लोगों के लिए कार्य कराए हैं। साथ ही इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लोगों से अपील की है कि वह फिर से भारतीय जनता पार्टी को वोट करें और उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलाएं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी मजबूती दें।





## मोदी और योगी ने ही दिया पिछड़ों पर विशेष ध्यान

(करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में लोकसभा क्षेत्र बदायूं जिला पिछड़ा वर्ग द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में बोलते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पिछड़ा वर्ग का जो सम्मान और उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं, उनसे उनका काफी लाभ हुआ है। इस दौरान उन्होंने अपने समाज के लोगों से अपील की है कि भारतीय जनता पार्टी की विजय को वह समर्थन दें। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएं। इसके लिए प्रत्येक घर में जाकर भाजपा सरकार द्वारा कराए गए विकास और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी जनजन तक पहुंचने का काम किया जाए। इस मौके पर गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार, क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज एवं प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य उपस्थित रह।

## विपक्ष कर रहा है बेकार की बातें, माहौल भाजपा के पक्ष में

(करंट क्राइम)। बदायूं में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने और वहां का चुनावी समीकरण जानने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि बुनियाद आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सवाल उठा रहा है। जो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जितने विकास कार्यक्रम आए हैं। जो आज से पहले कभी देश में हुए ना प्रदेश में। इसलिए जनता जानती है कि उसे लोगों को किस चुनना है और किस लिए चुनना है। इस दौरान गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार क्षेत्रीय अध्यक्ष बृज एवं प्रत्यासी दुर्ग विजय सिंह शाक्य की उपस्थित रहे।

# इंदिरापुरम मंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को इंदिरापुरम मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी मंडल प्रभारी कामेश्वर त्यागी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य पार्षद व कार्यकताओं को जो जिम्मेदारी दी गई थी, उसे पर चर्चा की गई।



मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी ने कहा इंदिरापुरम में जिन पार्षद व कार्यकताओं चुनाव की जिम्मेदारी दी गई थी। वह जिम्मेदारी से ईमानदारी से निभाई, ओर उन के कार्य को सराहनीय बताय गया। इंदिरापुरम में 55% तक वोट पड़ा। येवकार्यकर्ताओ की मेहनत है। इंदिरापुरम मंडल प्रभारी कामेश्वर त्यागी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में इंदिरापुरम मंडल में सभी बूथों पर अच्छा मतदान रहा है, सोसाइटियों में जो बूथ बनाए गए थे।

उन पर भी लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा क्षेत्र के पार्षदों ने अपने पूरी जिम्मेदारी से काम क्या है । कुछ कार्यकर्ता इधर-उधर घूमते नजर आए, जिन्होंने कोई काम नहीं किया। उनके लिए संगठन अपनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा क्षेत्र के पार्षदों ने पानी से लेकर खाने तक की व्यवस्था की है। कार्यकताओं को कोई परेशानी नहीं आई, इसके लिए व्हीलचेयर व गाडी से लोगों को घर से मतदान केंद्र तक की जिम्मेदारी दी गई थी। बैठक में मौजूद पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद संजय सिंह, पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर, पार्षद हरीश कडकोटी, पार्षद अनुज त्यागी, महानगर कार्यकारी सदस्य पिंटू तोमर सहित मौजूद रहे।

# वैशाली श्याम सेवा मित्र मंडल ने खाटू श्याम बाबा के किये दर्शन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली श्याम सेवा मित्र मंडल द्वारा खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए वैशाली से बस द्वारा गए। सालासर भगवान के दर्शन किए गए और भगवान से प्रार्थना की गई, की फिर इस बार मोदी सरकार अबकी बार 400 बार होना चाहिए। पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बताया शनिवार को वैशाली श्याम सेवा मित्र मंडल द्वारा खाटू श्याम के लिए बस से दर्शन करने के लिए करीब 50 लोग गए थे। सभी ने मोदी सरकार बने की कामना की और कहा इस बार भाजपा की सरकार बनती है, तो सभी लोग दोबारा दर्शन करने आएंगे। इस मौके पर सभी ने पीएम नरेन्द्र मोदी के स्वास्थ्य के लिए कामना की।

# दीपक भारद्वाज बने महानगर अध्यक्ष व तनिष्क शिशोदिया बने महानगर मंत्री

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद महानगर द्वारा रविवार को महानगर बैठक का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया। बैठक में महानगर कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें महानगर अध्यक्ष बने दीपक भारद्वाज व महानगर मंत्री बने तनिष्क शिशोदिया। महानगर उपाध्यक्ष बने अमिताभ पांडेय, अनिल भड़ाना, ममता राणा, अमन साहू।





महानगर सहमंत्री बने अनुष्का भट्ट, नोमिष पांडेय, नीरज यादव, कुनाल भारद्वाज, विनायक चौहान, सात्विक अत्री। छात्रा प्रमुख बनीं निमिशा गौड़ व सहप्रमुख सौम्या। मीडिया संयोजक बने सागर शर्मा व सहसंयोजक रहे आदित्य। सोशल मीडिया संयोजक रहे विष्णु त्रिपाठी व सहसंयोजक रहे मोहित प्रजापति। राष्ट्रीय कला मंच संयोजक रहीं ईशा नागर व सहसंयोजक रहीं अनामिका। एसएफडी संयोजक रहे प्रियांशु अग्रवाल व सहसंयोजक रहे आर्यन सरोहा। एसएफएस संयोजक रहे ईशान चौधरी व सहसंयोजक हर्षित शर्मा। खेलो भारत संयोजक रहे नितिन त्यागी व सहसंयोजक रहे रजत ध्यानी। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुरभि, सोनी, शीतल, कुसुम, विवेक चौधरी, पीयूष, शिवेन, आशु, आदित्य, प्रतीक, आशीष, हर्षित राजपूत, हिमांशु शर्मा, नेहा, सोनिया।

## चिन्टू जी




चिंटू जी : इसलिए तो भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को भगवा कमांडर के नाम से भी जाना चाहता है । वो किसी कमांडर की तरह आगे आकर सब कुछ साफ और स्पष्ट कर देते है । लोकसभा चुनाव में भले ही साहिबाबाद विधानसभा में वोट प्रतिशत 50 से कम रहा हो। बावजूद उसके संजीव शर्मा के बूथ पर वोटों का आंकड़ा पचास प्रतिशत के ऊपर रहा है। हालांकि ये मतदान का कोई बहुत बड़ा वोट प्रतिशत नहीं हैं। फिर भी इस आंकड़े को सार्वजनिक करना, बड़े दिल की राजनीति का परिचय कराता है। देखना अब ये है कि उनके दोस्त पहलवान, जिनके पास पूरी बूथ प्रबंधन की ज़िम्मेदारी थी, क्या वो भी अपने बूथ पर मिले वोटों की संख्या को सामने लायेंगे। इसके अलावा कमांडर की टीम के बाकी सदस्य भी उनकी तरह अपने बूथ पर मिली वोट को सार्वजनिक करने की ताकत दिखायेंगे। शुरूआत कमांडर ने कर दी है। देखना अब ये ही कि इस चैलेंज को और कौन-कौन पदाधिकारी स्वीकार करता है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




- क्यों कहा कहने वाले ने कि मुझे इस बार एक-एक बूथ की जानकारी चाहिए साहब? मैं जानना चाहता हूं 8 दूनी 16 वाले बूथ पर पड़े हुए वोट का हिसाब? मेरी नजरों में ये नंबर हैं बहुत ज्यादा खास? आज नहीं तो कल इस नंबर को लेकर मैं खोलूंगा बड़ा राज? इस नंबर से जुड़ा है बड़ा किरदार? देखना अब ये है इसका सस्पेंस कब दूर होता है यार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार एक पोलिटिक्लसरदार अपने बूथ पर पड़े हुए वोटों का जरूर करायेंगे दीदार? सुना है लंबी राजनीति करते हुए उन्हें नहीं मिली है उन्हें बूथ से वफा? मगर इस बार कुछ पोलिटिक्ल गांठ ऐसी बंधी है, जिसकी वजह से इन्हें आयेगा मजा? इस बार फक्र से करेंगे अपने बूथ पर मिली वोट का गुणगान? इस बार सरदार जी का असर, असरदार रहेगा श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं कहना चाहता हूं कई साईकिल वाले नेताओं को उन्हें लेनी चाहिए सपा के पूर्व अध्यक्ष राहुल चौधरी से सीख? जब भी वोटिंग का समय होता है तो वो रहते हैं अपने बस्ते के नजदीक? आने जाने वालों को वो करते रहते है राम-राम? इसलिए उनके बूथ पर भगवा प्रभाव होते हुए भी सपा के पक्ष में वोट पड़ जाते हैं श्रीमान? सुना है डॉली दीदी को लेकर भी बस्ते पर बैठने पर उन्होंने नहीं छोड़ी है कसर? देखना जब वोट खुलेंगे तो दिखाई देगा राहुल भैया की मेहनत का भी असर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि चुनाव का टाईम था और गोयल साहब के यहां पर लगा था गर्ग साहब का प्रोग्राम? सुना है गोयल साहब ने इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए दिया था काफी खूबसूरत अंजाम? बुलाये थे यहां पर उन्होंने 100 संस्थाधारी? मगर यहां पर लगभग 10 संस्था प्रमुखों को बोलने की नहीं मिली बारी? सुना है बीच में ही खींच लिया था किसी ने किसी के हाथ से माईक? कह दिया था राजनीति में अधिकार छीनने पड़ते हैं, यहां नहीं चलती है आईस-पाईस? सुना है गोयल साहब से लेकर मौके पर मौजूद कई लोगों को यूं माईक छीनने वाली बात नहीं लगी थी नाईस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब के प्रति गर्ग साहब की मोहब्बत रोड शो वाले दिन दिखा रही थी कुछ ज्यादा ही असर? हमने देखा गर्ग साहब को माला पहनाने के लिए गर्ग साहब ने नहीं छोड़ी कोई कसर? बोनट पर चढ़कर किसी स्टंट मैन की तरह उन्होंने माला पहनाने वाली कार्यवाही को दिया अंजाम? ये गर्ग चेहरे बाजार में काफी प्रचलित हैं? खास बात ये है कि गाजियाबाद की आधी से ज्यादा आबादी यूज करती है इनका सामान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान भी चलाते हैं दिल वाली मोहब्बत की दुकान? हमने देखा गाजियाबाद के कई चेहरे जहां माननीय जी के नामांकन में जाने को लेकर कैलकुलेशन ही लगाते रह गये? वहीं भगवा पहलवान ने लखनऊ में एक दिन पहले ही डेरा डाल दिया श्रीमान? करा दिया वहां पर मौजूद सभी चेहरों को एहसास? हमारे दिल में माननीय जी से लेकर भैया जी के लिए है जगह खास? अब हम गाजियाबाद तभी रिटर्न करेंगे जब मिलेगा हमें लखनऊ से सहमति वाला पास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के वरिष्ठ नेता विनोद उपाध्याय जी को अपने शब्द संगठन को लेकर नहीं करने चाहिए थे इतने हार्ड? सुना है जब उनकी बयान वाली कटिंग पार्टी के ग्रुपों पर चली? तब संगठन के एक बड़े पदाधिकारी हो गये नाराज? सुना है कुछ क्षत्रिय चेहरे कर रहे थे उपाध्याय जी के शब्दों को शेयर? तब बड़े पदाधिकारी को लिखना पड़ा इस तरह के शब्दों से गिरता है कार्यकर्ताओं का मनोबल? इस तरह से नहीं हो सकती है पार्टी की केयर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमिश्नर बख्शी जी अब नहीं बनने देंगे किसी को बख्शने वाले हालात? सुना है उनकी टीम के कई सदस्यों के अभी भी हैं शुक्ला जी के साथ जज्बात? जैसे शुक्ला जी कहते हैं वैसे ही करते हैं ये काम? बस इस बात ने किया हुआ है बख्शी जी को भी हैरान? देखना चुनावों के बाद कई शुक्ला जी के प्रिय चेहरे अपने पदों से हो जायेंगे तमाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गोविन्दजी पुरम वाले एरिया के कमिश्नर का व्यवहार और मुस्कुराहट लगती है सबको खास? मगर सुना है कोई इलैक्शन एजेंट है उनसे बहुत ज्यादा नाराज? वो लगा रहा है उन पर लगातार आरोप? क्या मामला किसी व्यवस्था से जुड़ा है? क्या शर्मा जी इसलिए नाराज हैं कि उनके पास नहीं पहुंचा है व्यवस्था वाला सामान? सुना है नाराजगी इतनी है कि एजेंट शर्मा ने इस वक्त सिर पर उठा लिया है आसमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी वाले कमिश्नरी वाले कार्यालय पर पूरे काम से ईश्वर की तमन्ना रखने वाले त्यागी जी थे विराजमान? सुना है, भैया जी विधायक क्यों नहीं बने इस बात पर वो तमाम लोगों के बीच में प्रस्तुत कर रहे थे अपना व्याख्यान? कह रहे थे सरकार में ताकत में आने की भैया जी की ही थी संभावनाएं? मगर एक विधायक ने अपनाया हुआ था बहुत ही इस मामले को लेकर बहुत हार्ड रूख? सुना है वो तो ताकत में आराम से आ जाते मगर विधायक जी के विद्रोह के चलते सारा मामला गया रूक?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने अपने परिवार के साथ कैंची धाम में पूज्य बाबा नीब करोरी महाराज के दर्शन किए । वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने इस पल को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।